ajaybharatrajasthan@gmail.com
मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा-पंजाब एवं नई दिल्ली से प्रकाशित
e-paper:- www.ajaybharat.com

धौलपुर
बुधवार 5 अगस्त 2026
वर्ष: 13, अंक: 129
पेज:08, मूल्य 2.00 रूपये

# दैनिक अजय भारत



P5

# बिहार-बंगाल में बिजली गिरने से 11 मौतें
## बद्रीनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड में 200 यात्री फंसे

### हरियाणा के अंबाला-झज्जर में सड़कें तालाब बनीं, दुकानों में पानी घुसा

**अजय भारत न्यूज**

**नई दिल्ली।** देशभर में बारिश से आम लोगों का जीवन भी प्रभावित है। बिहार और पश्चिम बंगाल में सोमवार को बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत हो गई। 14 लोग घायल हुए हैं। मरने वालों में बिहार के अलग-अलग जिलों के 7 और बंगाल के हावड़ा के 4 लोग शामिल हैं।

उत्तराखंड के चमोली में बद्रीनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड हुई। सड़क पर पहाड़ी से मलबा और बोल्डर गिरने से यातायात बाधित हो गया। इसके कारण करीब 200 यात्री फंस गए हैं, जो सोमवार रात 9 बजे से रास्ता



खुलने का इंतजार कर रहे हैं। इधर, हरियाणा के अंबाला और झज्जर में रात भर बारिश हुई। इससे सड़कें तालाब बन गईं। दुकानों में पानी घुस गया। उत्तर प्रदेश के आगरा में रात 1 बजे से रुक-रुक



कर बारिश हो रही है। कई इलाकों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया है। स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। बाराबंकी में दो घंटे की तेज बारिश से बस स्टेशन पर पानी भर गया।

# एअर इंडिया की फुकेट-दिल्ली फ्लाइट टर्बुलेंस में फंसी, 15

### पैसेंजर ने बताया- विमान 3 मिनट पलटी खाता रहा, कई लोगों के पैर-कंधे में चोट

**अजय भारत न्यूज**

**नई दिल्ली।** थाईलैंड के फुकेट से दिल्ली आ रही एअर इंडिया फ्लाइट एआई2379 मंगलवार को टर्बुलेंस, यानी तेज हवा के झटकों में फंस गई। अचानक 300 फीट तक नीचे आ गई। हालांकि, पायलट ने स्थिति संभाली और फ्लाइट को दिल्ली एयरपोर्ट पर सुबह 11:30 बजे सुरक्षित उतार लिया। प्लेन में 134 यात्री और 8 क्रूमेंबर्स सवार थे।

डायरेक्टर जनरल सिविल एविएशन के अधिकारी ने न्यूज एजेंसी को बताया कि घटना में 11 यात्री और 4 क्रू मेंबर्स समेत 15 लोग घायल हुए हैं। इनमें से कुछ को दिल्ली एयरपोर्ट के मेडिकल सेंटर



और 7 घायलों को फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एअर इंडिया ने पहले बताया था कि सभी यात्री और क्रू सुरक्षित हैं। किसी के गंभीर रूप से घायल होने की खबर नहीं है।

फ्लाइट में सवार एक यात्री ने दावा किया कि उड़ान भरने के करीब डेढ़ घंटे बाद तेज झटके लगने लगे। सुबह का समय था और ज्यादातर यात्री सो रहे थे। अचानक विमान जोर से हिलने लगा और 2-3 मिनट तक पलटी खाता रहा।

यात्री के मुताबिक कुछ लोगों को ज्यादा चोटें आई हैं, जबकि 70 से 80 प्रतिशत लोगों को मामूली चोट लगी हैं। फ्लाइट की तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिनमें उसकी

## न्यूज कॉर्नर

### सरकार का मेटा ग्लोबल टीम को समन

**अजय भारत न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार और मेटा की ग्लोबल टीम के बीच 5 और 6 अगस्त को एक अहम बैठक होने जा रही है। केंद्र सरकार ने फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा के प्रतिनिधियों को समन भेजकर तलब किया है। केंद्र सरकार इस बैठक में चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज मटीरियल यानी CSAM पर लगाम लगाने में हुई चूक, फर्जी/सिंथेटिक एआई कंटेंट और बड़े नेताओं के वेरिफाइड अकाउंट्स पर गलत कार्रवाई जैसे संवेदनशील मुद्दों को उठाएगी। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने मेटा द्वारा अब तक दिए गए जवाबों को नाकाफी माना है। यह बैठक हाल ही में फेसबुक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक वीडियो पोस्ट के कुछ समय के लिए हट जाने के विवाद के बाद तय की गई है। इस घटना के बाद सरकार ने मेटा के प्लेटफॉर्म्स की कंटेंट मॉडरेशन नीतियों, ऑटोमेटेड सिस्टम और बिग-टेक कंपनियों की जवाबदेही पर निगरानी सख्त कर दी है। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक मेटा ने पीएम मोदी के वीडियो के हटने पर खेद व्यक्त किया है और वह इसके लिए औपचारिक माफी मांगने को भी तैयार है। दरअसल, पीएम मोदी ने 23 जुलाई को पेपर लीक को गंभीर विषय बताते हुए एक वीडियो जारी किया था। इसे मेटा ने रात 12:30 बजे से सुबह 5:00 बजे तक हटा दिया था। लेकिन बाद में उसे रिस्टोर कर दिया गया। मेटा ने अपनी सफाई में कहा कि दरअसल, यह एक टेक्निकल एरर था। मेटा केवल वीआईपी पोस्ट हटाने के मामले में ही नहीं, बल्कि सुरक्षा संबंधी अन्य गंभीर मामलों में भी जांच के दायरे में है। इससे पहले इंस्टाग्राम पर पेड एड्स यानी प्रायोजित विज्ञापनों के जरिए चाइल्ड CSAM के प्रचार-प्रसार को लेकर सरकार ने मेटा को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। 5-6 अगस्त की बैठक में सरकार यह भी समीक्षा करेगी कि उस नोटिस के बाद कंपनी ने क्या सुधारात्मक कदम

# POK में चुनाव दिखावा पाखंडपूर्ण मुखौटे के पार देखना जरूरी: विदेश मंत्रालय

**अजय भारत न्यूज**

**नई दिल्ली ।** भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हो रहे तथाकथित चुनावों को दिखावा करार दिया है और वैश्विक संगठनों से अपील की कि आम नागरिकों पर हो रही ज्यादती के खिलाफ कदम उठाएं। मंगलवार को साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में यह तथाकथित स्थानीय चुनाव पूरी तरह से दिखावा है। वास्तिवक स्थिति वहां हो रहे जन प्रदर्शन और पाकिस्तानी बलों द्वारा की जा रही निर्मम हत्याओं की है। ऐसे खोखले दावे वास्तविकता से अलग हैं। पीओके में प्रदर्शन को दबाने के लिए पाकिस्तान की दमनकारी नीतियों के परिणाम को रेखांकित करते हुए जायसवाल ने कहा वहां जो जन प्रदर्शन चल रहा है वहां जून से अब तक 90 लोग मारे गए हैं।और कई



और घायल हुए हैं। वहां की सत्ता व्यवस्था जनता के असंतोष का जवाब गोली से, संचार बंदी, दमन और धमकी से दिया है।

उन्होंने वैश्विक समुदाय से पाकिस्तान का पाखंड से भरा चेहरा साफ देखनी की अपील की। आगे कहा पाकिस्तान अब खोखले चुनावी अभ्यास ये वैधता का भ्रम पैदा कर रहा है। इसके लिए उसे जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। विश्व समुदाय को मानवाधिकार पर पाकिस्तान के पाखंडपूर्ण उपदेशों के मुखौटे के पार वास्तविकता को

# संसद में राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले पर हंगामा

### खड़गे बोले- श्वष्ठ कहां है, रिजिजू ने कहा- विपक्ष घड़ियाली आंसू बहा रहा

**अजय भारत न्यूज**

**नई दिल्ली।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर राज्यसभा में खड़गे और रिजिजू में बहस हुई। संसद परिसर में विपक्षी सांसदों ने प्रदर्शन किया। संसद के मानसून सत्र के 12वें दिन राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले को लेकर दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही सिर्फ 19 मिनट चल पाई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने इस दौरान टैक्स संशोधन से जुड़े बिल पेश किए। इसके बाद सदन बुधवार तक के लिए स्थगित हो गई।

राज्यसभा की कार्यवाही दिन में दो बार स्थगित हुई। 11 बजे कार्यवाही शुरू होने के आधे घंटे के भीतर स्थगित भी हो गई। दोपहर 12 बजे कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, लेकिन 20 मिनट ही चल पाई। दोपहर 2 बजे कार्यवाही फिर शुरू हुई। इससे पहले राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के बीच बहस हुई। खड़गे ने कहा- राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन केंद्र सरकार ने किया था। ट्रस्ट को 70 एकड़ से ज्यादा जमीन सौंपी। पीएम खुद राम मंदिर से जुड़े हर आयोजन में शामिल हुए। अब ED, एजेंसियां कहां हैं। सरकार को सदन में इसका जवाब देना चाहिए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने राम मंदिर बनने पर काली पट्टी बांधकर विरोध किया था। आज वही लोग घड़ियाली आंसू बहाकर देश को गुमराह नहीं कर सकते। पहले भगवान राम का अपमान करने के लिए देश से माफी मांगिए, उसके



CBI और अन्य केंद्रीय जांच बाद सरकार से जवाब मांगिए।

# राम मंदिर प्रकरण पर विपक्ष फैला रहा भ्रम : सीएम योगी

**अजय भारत न्यूज**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट में राज्य सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं है और इस मामले में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की जांच में किसी भी साधु-संत की संलिप्तता सामने नहीं आई है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि विपक्ष राजनीतिक लाभ के लिए तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर प्रदेश और सनातन परंपरा की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहा है। विधानसभा परिसर के बाहर मीडिया से बातचीत में सीएम योगी ने कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट का गठन राज्य सरकार ने नहीं, बल्कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद हुआ था। इसके बावजूद विपक्ष लगातार सरकार पर निराधार आरोप लगा रहा है और भ्रामक प्रचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि चढ़ावा चोरी की जानकारी मिलते ही सरकार ने तत्काल एसआईटी का गठन किया



और मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई। जिन लोगों की भूमिका सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों में सामने आई है, उनके विरुद्ध कार्रवाई जारी है। जांच के दौरान न्यायालय के निर्देशों का भी पूरी तरह पालन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईटी की जांच में किसी भी साधु-संत की संलिप्तता नहीं पाई गई है। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में 1100 से अधिक लोग विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं, जिनमें से कुछ लोगों की भूमिका सामने आई है। ऐसे में पूरे मंदिर प्रशासन, साधु-संतों और कर्मचारियों को कटघरे में खड़ा करना दुर्भाग्यपूर्ण और गैर-जिम्मेदाराना है।

HIGHLIGHTS NEWS

## हाईलाइट्स न्यूज

#### बॉलीवुड

### सन्नी देओल बोले भारत मेरी मां तो पाकिस्तान मौसी है



**नई दिल्ली।** फिल्म बंटवारा 1947 की रिलीज से पहले सनी देओल अपने एक बयान को लेकर विवादों में आ गए। पटना में फिल्म के प्रमोशन के दौरान उन्होंने अपने पिता धर्मेंद्र के एक पुराने बयान का जिक्र करते हुए पाकिस्तान को मौसी बताया, जिसके बाद सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने उन्हें ट्रोल किया। दरअसल सनी से सवाल किया गया कि यह मूवी, जो पाकिस्तान में शूट की गई है, तो आप पाकिस्तान को एक देश या माहौल के तौर पर कैसे देखते

#### क्रिकेट

### हर्षिता टूर डी फ्रांस में हिस्सा लेने वाली पहली भारतीय



**नई दिल्ली।** राजस्थान की साइकिलिस्ट हर्षिता जाखड़ टूर डी फ्रांस फेम्स 2026 में हिस्सा लेने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। 19 साल की हर्षिता ने रविवार को स्विट्जरलैंड के एग्ल में स्टेज टू की शुरुआत के दौरान साइकिलिस्टों के एक ग्रुप को लीड किया। टूर डी फ्रांस महिलाओं की सालाना रोड साइकिलिंग रेस है। यह यूसीआई विमेंस वर्ल्ड टूर कैलेंडर का सबसे बड़ा और लंबा इवेंट है। जो 1 अगस्त को लुसाने से शुरू हुई और 9 अगस्त को नीस में समाप्त होगी।

#### बिजनेस

### 6 साल बाद फिर लग सकती है यूपीआई फीस



नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने डिजिटल पेमेंट से जुड़े कानूनों में संशोधन का प्रस्ताव दिया है। इससे भविष्य में यूपीआई पेमेंट पर एमडीआर यानी मर्चेंट डिस्काउंट रेट दोबारा लागू किया जा सकता है। इस फैसले का आम यूजर्स, दुकानदारों और बैंकिंग सिस्टम पर क्या असर पड़ेगा। आम यूजर्स को घबराने की जरूरत नहीं है। अगर भविष्य में एमडीआर वापस भी आता है, तो नियम के मुताबिक इसका शुल्क व्यापारी को देना होता है, ग्राहक को नहीं। इसके अलावा, आपका व्यक्तिगत यूपीआई ट्रांसफर यानी पर्सन टू पर्सन पूरी तरह फ्री ही रहेगा।

## अमूमन





**खास खबर** मुख्यमंत्री के नेतृत्व में टीबी मुक्त होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा राजस्थान

# एआई आधारित तकनीक व जनभागीदारी से तेज हुई टीबी उन्मूलन की मुहिम एवं जनआंदोलन से जीतेंगे टीबी की जंग : भजनलाल शर्मा

**अजय भारत न्यूज**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान तकनीकी नवाचार, समयबद्ध उपचार और व्यापक जनभागीदारी से टीबी उन्मूलन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार ने टीबी उन्मूलन के लिए आधुनिक तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, माइक्रोबायोलॉजिकल जांच नेटवर्क तथा समुदाय आधारित सक्रिय खोज अभियान को एकीकृत कर बहु-आयामी रणनीति लागू की है। इसके चलते प्रदेश में टीबी की शीघ्र पहचान, गुणवत्तापूर्ण जांच तथा उपचार तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार आया है। इससे टीबी के प्रत्येक संभावित मरीज की पहचान कर संक्रमण की श्रृंखला को समाप्त किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का कहना कि 'टीबी मुक्त राजस्थान' केवल स्वास्थ्य विभाग का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-जन के सहयोग से संचालित जनआंदोलन है। राजस्थान टीबी की जंग हर हाल में जीतेगा। सरकार प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने



तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को टीबी मुक्त बनाने के संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। आधुनिक तकनीक, सुदृढ़ जांच व्यवस्था, व्यापक जनभागीदारी तथा स्वास्थ्य विभाग के सतत प्रयासों से राजस्थान शीघ्र ही टीबी मुक्त हो सकेगा।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेशभर में टीबी उन्मूलन की गतिविधियों को मिशन मोड में क्रियान्वित किया गया है। राज्य में वर्तमान में 137 हैंड हेल्ड डिजिटल एक्स-रे मशीनों के माध्यम से ग्राम पंचायत एवं प्राथमिक स्वास्थ्य संस्थान स्तर तक विशेष स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन पोर्टेबल मशीनों के कारण दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में भी मौके पर ही चेस्ट एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध हो रही है, जिससे संभावित टीबी रोगियों की शीघ्र पहचान संभव हो रही है। साथ ही, प्रदेश में 643 नाट मशीनों का व्यापक नेटवर्क विकसित किया गया है, जिससे संदिग्ध मरीजों की त्वरित एवं उच्च गुणवत्ता वाली माइक्रोबायोलॉजिकल जांच सुनिश्चित हो रही है। इससे टीबी की पुष्टि कम समय में संभव होने के साथ-साथ दवा ड्रग रेजिस्टेंट टीबी की पहचान भी तेजी से हो रही है और मरीजों का उपचार शीघ्र प्रारंभ किया जा रहा है।

राज्य सरकार ने टीबी नियंत्रण कार्यक्रम में एआई आधारित तकनीक का भी प्रभावी उपयोग प्रारम्भ किया है।

एआई द्वारा विकसित तीन प्रमुख समाधान, कफ अगेंस्ट टीबी, प्रेडिक्शन आफ एडवर्स टीबी आउटकम्स तथा वलनरेबिलिटी मैपिंग फॉर टीबी को चरणबद्ध रूप से कार्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। कफ अगेंस्ट टीबी तकनीक खांसी की ध्वनि और लक्षणों का विश्लेषण कर फेफड़ों की संभावित टीबी की प्रारंभिक पहचान में सहायता प्रदान करती है। प्रेडिक्शन ऑफ एडवर्स टीबी आउटकम्स तकनीक लाखों टीबी मरीजों के आंकड़ों का विश्लेषण कर उन मरीजों की पहचान करती है, जिनमें उपचार के दौरान जटिलताओं की संभावना अधिक होती है, जिससे उन्हें समय पर विशेष चिकित्सकीय देखभाल उपलब्ध कराई जा सके। वहीं वलनरेबिलिटी मैपिंग फॉर टीबी तकनीक निक्षय पोर्टल तथा विभिन्न सामाजिक एवं स्वास्थ्य संकेतकों के आधार पर ऐसे क्षेत्रों की पहचान करती है जहां टीबी का जोखिम अधिक है, जिससे सक्रिय रोगी खोज अभियान को

# आरएसएस इतिहास बदलने की कोशिश कर रहा देश बर्दाश्त नहीं करेगा : राहुल गांधी

### पीएम सरकार के कामों के लिए माफी मांगें

**अजय भारत न्यूज**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि देश के छात्र गंभीर दर्द में हैं। उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी की माफी की जरूरत नहीं है, बल्कि वे चाहते हैं कि क्क्रूअपने सरकार के कामों के लिए उनसे माफी मांगें।

पूर्व सांसद वाइको की किताब के विमोचन कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि छात्र सड़कों पर इसलिए हैं क्योंकि ऋस्र देश का इतिहास बदलने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अपने इतिहास के कुचले जाने को बर्दाश्त नहीं करेगा।

राहुल ने कहा कि हम अजीब दौर से गुजर रहे हैं, जहां छात्र सड़कों पर हैं और गंभीर दर्द में हैं। उनके पास काम नहीं है और वे परीक्षाओं में निष्पक्षता तथा एक बेहतर शिक्षा प्रणाली की मांग कर रहे हैं।

दूसरी तरफ पीएम उन्हें माफ कर रहे हैं। राहुल ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि पीएम को यह विचार कहां से आता है कि वे उन्हें या भारत के



भविष्य को माफ कर सकते हैं। राहुल गांधी ने दावा किया कि पीएम या आरएसएस के पीछे एक खतरनाक विचार है कि यह देश कई लोगों की अभिव्यक्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान में स्पष्ट लिखा है कि इंडिया, यानी भारत, राज्यों का एक संघ है और राज्य भारत के लोगों की अभिव्यक्ति हैं। हर राज्य को इसका अधिकार है और उनके साथ निष्पक्ष व्यवहार होना चाहिए।

राहुल ने कहा कि कुछ अज्ञानी लोग हैं जो तमिल, मराठी, बंगाली लोगों को नहीं समझते और कहते हैं कि इनमें से कोई भी इतिहास और कल्पना प्रासंगिक नहीं है। उनका मानना है कि केवल वही इतिहास महत्वपूर्ण है जिसे RSS मानता है। यही कारण है कि यह लड़ाई

# 30 से ज्यादा आतंकियों को अज्ञात हमलावरों ने किया ढेर, लश्कर कमांडर ने खुद कबूला

## आतंक के आकाओं में भरा



**अजय भारत न्यूज**

**नई दिल्ली।** आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के वरिष्ठ कमांडर रिजवान हनीफ के एक वीडियो में दावा किया गया है कि पिछले कुछ वर्षों में संगठन के 30 से अधिक आतंकियों की लक्षित हत्याएं हुई हैं। उसने इन घटनाओं के लिए भारतीय खुफिया एजेंसियों को जिम्मेदार ठहराया, लेकिन अपने आरोपों के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया। भारत सरकार पहले भी ऐसे आरोपों को निराधार बता चुकी है।

पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े एक वरिष्ठ आतंकी ने दावा किया है कि पिछले तीन से चार वर्षों में 30 से ज्यादा लश्कर आतंकियों की धुरंधर स्टाइल में हत्या की गई। लश्कर के आतंकी रिजवान हनीफ ने इन हत्याओं के पीछे भारतीय खुफिया एजेंसियों का हाथ होने का फर्जी दावा किया।

उसने अपने दावों के समर्थन में कोई सबूत पेश नहीं किया। भारत सरकार पहले भी ऐसे आरोपों को खारिज कर चुकी है।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लश्कर-ए-तैयबा का उप प्रमुख और वरिष्ठ कमांडर रिजवान हनीफ यह दावा करता दिख रहा है कि भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 'अज्ञात हमलावरों' की मदद से लश्कर के कई आतंकियों की हत्या कराई। हनीफ के मुताबिक, ये घटनाएं कराची, पेशावर, रावलपिंडी और पीओके के मुजफ्फराबाद तथा रावलाकोट में हुईं। आतंकी भर्ती और सीमा पार घुसपैठ में भूमिका के लिए कुख्यात रिजवान हनीफ वीडियो में हनीफ हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक और घृणा फैलाने वाली भाषा का इस्तेमाल करता भी सुनाई देता है।

पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों द्वारा मारे गए प्रमुख लश्कर आतंकियों में अबू सैफुल्लाह उर्फ रजाउल्लाह निजामानी का नाम भी शामिल है। वह वर्ष 2006 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) मुख्यालय पर हुए हमले का आरोपी था। उसकी सिंध में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

भारत ने पहले भी खारिज किए हैं ऐसे आरोप

यह दावा ऐसे समय सामने आया है, जब पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर, बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में विरोध प्रदर्शन जारी हैं। हनीफ ने अपने आरोपों के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया है।

भारत सरकार पहले भी ऐसे आरोपों को खारिज करती रही है।

# जर्जर सड़क की वजह से लोग परेशान

**अजय भारत न्यूज**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित रोजा जलालपुर के पास बनी सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में है। बारिश के दौरान सड़क पर पानी भर जाने से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है।

सड़क रॉयल रेजीडेंसी, साई वन सोसाइटी और वीआईपी होम्स के लिए मुख्य मार्ग तक जाने का रास्ता है। रोजाना बड़ी संख्या में लोग इसी रास्ते से आते जाते हैं। स्थानीय निवासी दीपक मौर्य ने बताया कि सड़क पर कई गड्ढे हैं। हल्की बारिश में भी पानी जमा हो जाता है, जिससे सड़क पर हर जगह कीचड़ हो गया है और सबसे अधिक परेशानी पैदल चलने वालों को होती हैं। कीचड़ के कारण गड्ढे दिखाई नहीं देते और दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने का खतरा बना रहता है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए और जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए, जिससे बारिश के दौरान पानी जमा नहीं हो और लोगों को सुरक्षित एवं अच्छा आवागमन मिल सके।



# चीन में हर विदेशी पर रहती है खुफिया नजर



**अजय भारत न्यूज**

**चीन।** कोई विदेशी नागरिक, पर्यटक या व्यवसायी जैसे ही चीन की धरती पर कदम रखता है, उसकी हर छोटी-बड़ी हरकत पर खुफिया नजरें टिक जाती हैं। वीजा रिकार्ड से लेकर उसके होटल में ठहरने, कहीं आने-जाने, खाने-पीने तक की रीयल टाइम मॉनीटरिंग होती है और बाकायदा डिजिटल प्रोफाइल तैयार कर लिया जाता है। चीनी प्रशासन अपनी व्यापक निगरानी प्रणालियों को आतंकवाद और अपराध रोकने का जरिया बताता है, लेकिन इसे सुरक्षा के नाम पर व्यक्तिगत गोपनीयता का खुला उल्लंघन माना जा रहा है। यह सब चीनी पुलिस और निगरानी तकनीकी कंपनियों के संगठित तंत्र के तहत चल रहा है। कंपनियां पुलिस की जरूरतों के मुताबिक रोबोटिक्स, फेशियल रिकग्निशन और डायनेमिक कंट्रोल प्लेटफॉर्म जैसे उन्नत सर्विलांस सिस्टम तैयार करती हैं। ह्यूमन राइट्स वॉच की एशिया उप-निदेशक माया वांग का कहना है, अन्य देश भी निगरानी प्रणालियों का उपयोग करते हैं, लेकिन चीन में पुलिस की मनमानी के खिलाफ बहुत कम सुरक्षा उपाय मौजूद हैं। कनाडा की एक शोध फर्म सेकदेव ग्रुप से जुड़े वाल्टन ने कहा कि प्रत्येक नया प्लेटफॉर्म उन स्थानों की संख्या को बढ़ाता है। जहां संवेदनशील व्यक्तिगत डाटा को गलत तरीके से कॉपी किया जा सकता है या बाहरी रूप से खोजा जा सकता है। चीन में खुफिया निगरानी का खुलासा असुरक्षित पुलिस डैशबोर्ड का डाटा लीक होने से हुआ। दरअसल, एम्सटर्डम के एक साइबर सुरक्षा शोधकर्ता और पत्रकार मार्क होफर एक दिन इंटरनेट पर कुछ खंगाल रहे थे, जब उनकी नजर ओवरसीज पर्सनल के लिए डायनेमिक कंट्रोल प्लेटफॉर्म पर पड़ी।

# यात्री वैन और ट्रक की टक्कर 14 लोगों की मौत

## चालक की लापरवाही पड़ी भारी



**अजय भारत न्यूज**

**पूर्वी अफ्रीकी।** युगांडा में एक यात्री वैन और रेत ले जा रहे ट्रक के बीच टक्कर हो गई। इसमें कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। यह हादसा सोमवार रात कालुंगु जिले के कमुंगा ट्रेडिंग सेंटर इलाके में एक राजमार्ग पर हुआ। पुलिस ने एक बयान में कहा कि मरने वाले सभी लोग वैन में सवार यात्री थे। वहीं, चार अन्य घायल हो गए। पूर्वी अफ्रीकी देश के अधिकारियों ने कहा कि वे ट्रक चालक की तलाश कर रहे हैं, जो घटनास्थल से फरार हो गया था।

**अफ्रीका में सड़क हादसा एक समस्या है**

अफ्रीका भर में सड़क दुर्घटनाएं एक समस्या हैं और युगांडा में ये आम हैं। इन दुर्घटनाओं के लिए अक्सर खराब रखरखाव वाले वाहन, अत्यधिक गति और खराब सड़क स्थितियों को जिम्मेदार ठहराया जाता है। जुलाई में पूर्वी युगांडा में एक सुरम्य झरने की शैक्षिक यात्रा से लौट रही एक प्राथमिक विद्यालय की बस सड़क से उतरकर पलट गई, जिससे कम से कम 20 बच्चों और एक वयस्क की मौत हो गई।

# दुनिया के तीसरे सबसे छोटे देश ने बदला अपना नाम

**अजय भारत न्यूज**

**प्रशांत महासागर।** में बसे दुनिया के तीसरे सबसे छोटे देश नौरू ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए अपना नाम बदल दिया है। अब यह देश आधिकारिक तौर पर 'रिपब्लिक ऑफ नाओएरो' कहलाएगा। संयुक्त राष्ट्र (ह) ने भी अपने रिकॉर्ड में नया नाम लागू कर दिया है। करीब 12 हजार आबादी वाले इस द्वीपीय देश का कहना है कि 'नाओएरो' उसका असली नाम है, जबकि 'नौरू' विदेशी लोगों की सुविधा के लिए प्रचलन में आया था। अब सरकार का मानना है कि समय आ गया है कि देश दुनिया के सामने अपनी मूल पहचान के साथ जाना जाए। नाओएरो इक्कीसवीं सदी में ऐसा आठवां देश बन गया है जिसने अपना नाम बदला है। इससे पहले तुर्किये ने 2022 में ऐसा किया था।

**शादी में विवाद के बाद 10 साल तक गृहयुद्ध चला**

19वीं सदी के आखिर तक नाउरू एक छोटा-सा द्वीप था, जहां 12 स्थानीय जनजातियां रहती थीं। यहां कोई आधुनिक सरकार या सेना नहीं थी। लोगों का जीवन मछली पकड़ने, नारियल की खेती और समुद्र से मिलने वाले संसाधनों पर निर्भर था। 1870 के दशक में यूरोपीय व्यापारी नाउरू पहुंचने लगे। वे यहां नारियल और दूसरे सामान का व्यापार करते थे। बदले में उन्होंने स्थानीय लोगों को शराब और बंदूकें बेचना शुरू कर दिया। इससे द्वीप का सामाजिक संतुलन बिगड़ने लगा।

1878 में एक शादी समारोह के दौरान रीति-रिवाज को लेकर बहस हुई। बहस के बीच एक व्यक्ति ने पिस्तौल निकालकर गोली चला दी, जिससे एक कबीलाई प्रमुख के बेटे की मौत हो गई।

नाउरू की पारंपरिक संस्कृति में ऐसी हत्या का बदला लेना सामाजिक जिम्मेदारी माना जाता था।

यहीं से बदले का सिलसिला शुरू हुआ, जो धीरे-धीरे पूरे द्वीप के 12 कबीलों के बीच गृहयुद्ध में बदल गया। यह संघर्ष करीब 10 साल तक चला, जिसे नाउरू सिविल वॉर के नाम से जाना जाता है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मारे गए, कई गांव उजड़ गए और लगभग हर परिवार किसी न किसी रूप में इस हिंसा से प्रभावित हुआ। हालात इतने खराब हो गए कि आखिरकार 1888 में जर्मनी ने हस्तक्षेप कर द्वीप पर नियंत्रण स्थापित किया, हथियार जब्त किए और इस लंबे खूनी संघर्ष को समाप्त कराया।

**जर्मनी के बाद ऑस्ट्रेलिया ने नौरू पर कब्जा किया**

1914 में प्रथम विश्व युद्ध शुरू होते ही हालात बदल गए। ऑस्ट्रेलियाई सेना ने बिना ज्यादा प्रतिरोध के नाओएरो पर कब्जा कर लिया। युद्ध खत्म होने के बाद जर्मनी हार गया और उसे अपने कई विदेशी उपनिवेश छोड़ने पड़े।करीब पांच दशक तक विदेशी सरकार के कब्जे में रहने के बाद नाओएरो को 31 जनवरी 1968 को पूर्ण स्वतंत्रता मिली और यह एक संप्रभु गणराज्य बन गया।




# फूंक-फूंक कर नहीं चले तो खतरे में तेजस्वी यादव

**अजय भारत न्यूज**

**बिहार।** पिता लालू प्रसाद यादव से राष्ट्रीय जनता दल की कमान ले चुके हैं तेजस्वी यादव। राजद के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। जहां उनके पिता बहुमत वाली सरकार चलाते थे, उसी बिहार में महज दो विधायक घट जाएं तो तेजस्वी यादव के पीछे से विपक्ष के नेता की कुर्सी खिंच जाएगी। लालू केंद्र के लिए 'किंग मेकर' कहलाते थे और तेजस्वी पटना की बांकीपुर सीट पर अपने प्रत्याशी की जमानत तक नहीं बचा पा रहे। उस पर लगातार दुश्मन पाले जा रहे। बाहरी तो बाहरी, घर में भी। इतना होने के बावजूद विपक्ष के नेता की प्राथमिक जिम्मेदारी से बार-बार पीछे हट रहे। लेकिन, अब मामला बॉर्डर पर है। और, बॉर्डर पर सामने हैं नए-नवेले विधायक प्रशांत किशोर। प्रशांत कुर्सी तो नहीं खींचेंगे, लेकिन कद तो एक गलती पर घटा देंगे- यह तय है।

**तेज प्रताप को बाहर कराया, रोहिणी रोती हुई निकली थीं**

पिछले दिनों जब AISA के आंदोलन के दौरान तेज प्रताप यादव गिरफ्तार हुए तो बातों-बातों में तेजस्वी यादव ने भ्रातृ-प्रेम दिखाने की कोशिश की, लेकिन इससे बड़े भाई पिघले नहीं। तेज प्रताप यादव को लालू परिवार और राष्ट्रीय जनता दल से बाहर भले सीधे-सीधे तेजस्वी ने नहीं किया, लेकिन आरोपी वही हैं इस कार्रवाई के। उसी तरह, बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद जब लालू को किडनी देने वाली बेटी रोहिणी आचार्य रोती हुई घर से निकलीं तो भी आरोप के दायरे में तेजस्वी ही थे। तेज प्रताप यादव ने प्रशांत किशोर से दो महीने पहले मुलाकात की। फिर बांकीपुर में प्रत्याशी दिया, लेकिन उस उम्मीदवार के नामांकन रद्द होते ही खुलकर प्रशांत किशोर के समर्थन में आ गए।



# राशिफल

## आज का राशिफल (05 अगस्त बुधवार)

**मेष :** आज परिवार के किसी सदस्य की उपलब्धि से घर में खुशी का माहौल रहेगा। घर में सुधार से जुड़ी योजनाएं भी बनेंगी। इनमें आपके फैसले बेहतरीन रहेंगे।

**वृषभ :** घर के रखरखाव या नवीनीकरण की योजनाएं बनेंगी और जल्दी ही काम भी शुरू हो जाएगा। युवाओं को करियर से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है। घर में नजदीकी रिश्तेदारों की आवाजाही रहेगी।

**मिथुन :** लंबे समय से रुका काम पूरा करने का समय आ गया है। परिवार की जरूरतें पूरी करने में भी आपको खुशी मिलेगी। परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी और कई काम मनचाहे तरीके से पूरे होंगे।

**कर्क :** आज आप बच्चों के भविष्य के लिए नई योजनाएं बनाएंगे। ये आगे चलकर फायदेमंद रहेंगी। अपने काम को नया रूप देने के लिए रचनात्मक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी। विवाह योग्य लोगों के लिए अच्छा रिश्ता आ सकता है।

**सिंह :** लगातार कोशिश करने से आज किसी समस्या का समाधान मिल जाएगा। वरिष्ठ लोगों की सलाह और मार्गदर्शन पर अमल करें। इससे फायदा होगा। परिवार में नन्हे मेहमान के आने से जुड़ी अच्छी खबर भी मिल सकती है।

**कन्या :** नई योजनाएं और गतिविधियां शुरू करने के लिए अनुकूल समय है। मेहनत के अनुसार अच्छे नतीजे मिलेंगे। इससे दिनभर की थकान भी भूल जाएंगे। युवाओं को प्रतियोगिता से जुड़ी गतिविधियों में सफलता मिलेगी।

**तुला :** कई गतिविधियों में आपका योगदान रहेगा और आपके व्यक्तित्व की तारीफ होगी। फोन कॉल के जरिए खुशखबरी मिल सकती है। युवा जल्दबाजी के बजाय सोच-समझकर काम करें। इससे काम आसानी से पूरे होते जाएंगे।

**वृश्चिक :** हर परिस्थिति में सकारात्मक रहें और अनुभवी लोगों के साथ समय बिताएं। इससे आपके व्यक्तित्व में अच्छा बदलाव आएगा। संतान की शिक्षा और करियर से जुड़ा बड़ा फैसला ले सकते हैं। किसी खास काम से यात्रा भी हो सकती है।

**धनु :** किसी भी काम को जल्दबाजी के बजाय सहज तरीके से पूरा करें। अनुभवी और वरिष्ठ लोगों के मार्गदर्शन से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। किसी धार्मिक या आध्यात्मिक जगह जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**मकर :** किसी समस्या का सामना कर रहे हैं तो परिवार वालों के सहयोग से समाधान निकालने में सफल रहेंगे। नजदीकी मित्र से मुलाकात मन को खुशी देगी और खास विषयों पर बातचीत होगी।

**कुंभ :** पिछले कुछ समय से चल रही समस्याओं का समाधान मिलेगा। उधार दिया या फंसा हुआ पैसा वापस मिल सकता है। रोजमर्रा की दिनचर्या में बदलाव लाने के लिए बाहरी गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी।

**मीन :** जिस खुशी और सुकून की तलाश थी, वह आज मिलेगा। इससे मन प्रसन्न रहेगा। नए काम की रूपरेखा भी बन सकती है। अपनी कार्यकुशलता से उम्मीद से बेहतर नतीजे हासिल करेंगे। युवा गलत संगत और गलत आदतों से दूर रहें। आलस और सुस्ती के कारण महत्वपूर्ण काम रुक सकते हैं।

# जयपुर के त्रिपोलिया गेट को मिला शाही रूप



**अजय भारत न्यूज**

**जयपुर।** की पहचान और राजसी विरासत के प्रतीक करीब 300 साल पुराने त्रिपोलिया गेट को नए शाही अंदाज में सजाया गया है। इस ऐतिहासिक प्रवेश द्वार पर पारंपरिक राजस्थानी शैली की नई चित्रकारी की गई है।

चित्रकारी के लिए सिटी पैलेस के प्रसिद्ध उदयपोल की थीम को आधार बनाया गया है, जिससे त्रिपोलिया गेट अब पहले से कहीं अधिक आकर्षक और भव्य दिखाई दे रहा है। इसके रिनोवेशन का कार्य जयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य सवाई पद्मनाभ सिंह के निर्देशन पर किया गया है।

यह दरवाजा पिछले कई महीनों से बंद था। राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से अब जल्द ही इसकी विधिवत शुरुआत की जाएगी। 15 और 16 अगस्त को यहां से तीज की शाही सवारी निकलेगी रिनोवेशन के दौरान गेट की मूल स्थापत्य शैली और ऐतिहासिक स्वरूप को पूरी तरह सुरक्षित रखते हुए पारंपरिक रंगों और तकनीकों का उपयोग किया गया।

वर्षों पुरानी दीवारों की बनावट को ध्यान में रखते हुए कलाकारों ने इस पर हाथ से चित्रकारी की है।

# गैस ग्राहकों के लिए जरूरी सूचना, 15 अगस्त तक करा लें ये काम, वरना बंद हो जाएगा कनेक्शन- जानें अपनी स्थिति

घरेलू एलपीजी ग्राहकों के लिए जरूरी खबर है। 15 अगस्त तक ई-केवाईसी करा लें, वरना गैस कनेक्शन बंद हो जाएगा। गाजियाबाद जिले के 12 लाख उपभोक्ताओं में करीब दो लाख का सत्यापन बाकी है। ऑनलाइन या एजेंसी जाकर प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।




**अजय भारत न्यूज**

**गाजियाबाद।** घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए जरूरी सूचना है। जिन उपभोक्ताओं ने अब तक अपने गैस कनेक्शन की ई-केवाईसी नहीं कराई है, उन्हें 15 अगस्त तक यह प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इस समय सीमा के भीतर ई-केवाईसी नहीं कराने पर गैस कनेक्शन बंद कर दिया जाएगा।

गाजियाबाद के जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि जिले में करीब 12 लाख घरेलू एलपीजी उपभोक्ता हैं। इनमें से लगभग 10 लाख उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है, जबकि करीब दो लाख की ई-केवाईसी अभी बाकी है। गैस एजेंसियां ऐसे उपभोक्ताओं से लगातार संपर्क कर रही हैं। उनको मोबाइल फोन पर संदेश भेजकर प्रक्रिया पूरी करने की अपील कर रही हैं। विशेष शिविर भी लगाए जा रहे हैं, ताकि तय समय सीमा से पहले सभी की ई-केवाईसी पूरी हो सके।गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार अभियान का उद्देश्य उपभोक्ताओं की सही पहचान सुनिश्चित करना, निष्क्रिय कनेक्शनों का सत्यापन करना और पुराने रिकॉर्ड को अपडेट करना है।

**कई उपभोक्ताओं के बदल गए पते और मोबाइल नंबर**

कई उपभोक्ताओं के पते और मोबाइल नंबर बदल चुके हैं, जबकि कुछ कनेक्शनों पर लंबे समय से सिलिंडर नहीं लिया गया है। ऐसे सभी कनेक्शनों का सत्यापन किया जा रहा है।

**इस तरह पूरी करें प्रक्रिया**

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि उपभोक्ता अपनी गैस एजेंसी, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) और विशेष शिविरों में बायोमेट्रिक सत्यापन के माध्यम से ई-केवाईसी करा सकते हैं।

कई गैस कंपनियों ने अपने मोबाइल एप और अधिकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी यह सुविधा उपलब्ध कराई है। इसके अलावा घर-घर सिलिंडर पहुंचाने

**क्रिकेट**

## श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत की संशोधित टीम का एलान



भारतीय टीम 15 अगस्त से श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। सीरीज का पहला मुकाबला गाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट 23 से 27 अगस्त तक सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित होगा।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार (3 अगस्त) को श्रीलंका दौरे के लिए भारत की संशोधित टेस्ट टीम का एलान किया। इस टीम में तीन अनकैप्ड खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। ऐसे में संभावना है कि ये तीनों खिलाड़ी इस सीरीज के दौरान भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू कर सकते हैं। टीम में आकिब नबी, गुरनूर बरार और सारांश जैन जैसे तीन नए खिलाड़ियों को मौका मिला है, जिनके टेस्ट डेब्यू करने की संभावना है। तेज गेंदबाज आकिब नबी को पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में जगह मिली है। उन्हें जसप्रीत बुमराह की जगह टीम में शामिल किया गया है। बुमराह घुटने की चोट से पूरी तरह फिट नहीं हो सके, जिसके चलते उन्हें श्रीलंका दौरे से बाहर होना पड़ा।

**बॉलीवुड**

## बॉक्स ऑफिस पर 'स्पाइडर मैन 4' की सुपरफास्ट रफ्तार



फिल्म 'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' 30 जुलाई को भारत में रिलीज हुई थी।

रिलीज के साथ ही यह छा गई है। पहले दिन इसने दमदार शुरुआत की। फिर, वीकएंड पर भी छप्परफाड़ कमाई करते हुए शानदार कलेक्शन जुटाया। इसके बाद बीते दिन मंडे टेस्ट में भी इसने खूब अच्छे नंबर बटोरे।

**जानिए मंगलवार को फिल्म का कैसा हाल है**

'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' का पांच दिनों का बॉक्स ऑफिस

फिल्म 'स्पाइडर मैन 4' की रिलीज को आज मंगलवार को छह दिन पूरे हो गए हैं। फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 300 करोड़ क्लब के नजदीक है। पहले दिन 'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' ने 60.60 करोड़ रुपये का कलेक्शन करके शुरुआत की थी।

**लाइफस्टाइल**

## युवाओं में निकोटिन पाउच का बढ़ता क्रेज



आजकल निकोटिन पाउच युवाओं के बीच तेजी से पॉपुलर हो रहा है। सिगरेट और दूसरे तंबाकू प्रोडक्ट्स से अलग, निकोटिन लेने के इस तरीके ने लोगों का ध्यान खींचा है। यह छोटे-से सफेद पाउच में आता है, जिसे होंठ और मसूड़ों के बीच रखकर यूज किया जाता है। इसमें न धुआं निकलता है, न स्मेल आती है।

यही वजह है कि कई लोग इसे सिगरेट का सेफ ऑप्शन मानने लगे हैं। हालांकि, इसमें मौजूद निकोटिन की लत लग सकती है। इसके अलावा हार्ट, ब्लड प्रेशर और मेंटल हेल्थ पर इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है। 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' ने हाल ही में निकोटिन पाउच की बढ़ती बिक्री और युवाओं में इसके बढ़ते इस्तेमाल पर चिंता जताई है।

का कहना है कि निकोटिन पाउच के 'टोबैको-फ्री' और 'क्लीन' जैसे दावे युवाओं को आकर्षित कर रहे हैं।

# प्रदेश में एक करोड़ से अधिक एवं धौलपुर जिले में 2.05 लाख पात्र व्यक्तियों को मिला खाद्य सुरक्षा का लाभ

अजय भारत न्यूज

**धौलपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक पहल करते हुए अपने कार्यकाल में प्रदेश के 1,01,15,449 वंचित एवं पात्र व्यक्तियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) से जोड़ा है। यह संख्या प्रदेश के कुल 4.37 करोड़ खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों का लगभग 23 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि धौलपुर जिले में 2,05,900 पात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ प्रदान किया गया है। विधानसभावार लाभार्थियों की संख्या में राजाखेड़ा में 33,324, धौलपुर में



40,799, बाड़ी में 80,486 तथा बसेड़ी में 51,291 लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ा गया है। मंत्री गोदारा ने बताया कि 1 जनवरी 2024 से 31 अगस्त 2024 तक प्रदेश में 12,95,664 नए लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ा गया। इसके बाद 26 जनवरी 2025 को खाद्य सुरक्षा पोर्टल पुनः प्रारंभ होने के पश्चात 88,19,785 पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ मिला। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है, जिनमें 450 रुपये में गैस सिलेंडर, मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के तहत 10 लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा तथा मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत 25 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार शामिल है। मानसून के मद्देनज़र लाभार्थियों को तीन माह का निःशुल्क राशन एक साथ उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नवंबर 2024 में प्रारंभ किए गए शिवग अप अभियानश् के तहत लगभग 67 लाख लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा का लाभ छोड़ा, जबकि लगभग 27 लाख लोगों के ई-केवाईसी नहीं कराने के कारण उनके नाम सूची से हटाए गए। इससे रिक्त हुए स्थानों पर पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को योजना से जोड़ने का अवसर मिला। इस पहल को केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में राजस्थान सरकार की बेस्ट प्रैक्टिस के रूप में सराहा गया। मंत्री गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश का कोई भी पात्र एवं जरूरतमंद परिवार खाद्य सुरक्षा और जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

# रीडिंग प्रमोशन कैंपेन में साप्ताहिक कैलेंडर के अनुसार गतिविधियों का संचालन



धौलपुर..साप्ताहिक कैलेंडर का वाचन करते स्कूली बच्चे

अजय भारत न्यूज

**धौलपुर।** मिशन पढ़ो राजस्थान में कोटपुरा स्कूल के कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को तीन समूहों में बांटकर साप्ताहिक गतिविधियों का कैलेंडर संस्था प्रधान अतुल चौहान ने शिक्षकों के साथ शेयर किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि समूह 1 में कक्षा 1और 2 के लिए ध्वनि पहचान, शब्द पठन और चित्रों के माध्यम से सरल वाक्य समझना, समूह 2 में कक्षा 3 से 5 के लिए छोटे पैराग्राफ पढ़ना,धारा प्रवाह पठन और पढ़ी गई सामग्री से सरल प्रश्न के उत्तर देना, समूह 3 में कक्षा 6 से 8 में तार्किक सोच, पुस्तक समीक्षा और अपने विचार व्यक्त करने की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। मिशन के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रथम समूह के लिए शिक्षक चोब सिंह, द्वितीय समूह के लिए शिक्षक महेंद्र सिंह और तृतीय समूह के लिए मनोज कुमार को प्रभारी नियुक्त करते हुए बच्चों की बेसलाइन असेसमेंट करने के निर्देश दिए गए। हैड टीचर फैरन सिंह ने बच्चों की प्रगति से अभिभावकों को अवगत कराने हेतु पाक्षिक रूप से गतिविधियों के संचालन के समय उन्हें विद्यालय में आमंत्रित करने की बात कही। पुस्तकालय प्रभारी अर्जुन सिंह के साथ श्रीगोविन्द को गुरुवार को स्वतंत्र पठन के लिए बच्चों को पुस्तकालय से उनकी पसंदीदा पुस्तकें दिए जाने के निर्देश भी दिए गए। ज्ञात हो कि रीडिंग प्रमोशन कैंपेन 16 जनवरी तक संचालित किया जाना है जिसका उद्देश्य बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करना है।

**यह होंगे साप्ताहिक कार्यक्रम**

सोमवार- शिक्षक द्वारा आदर्श पठन एवं कहानी वाचन, मंगलवार- शिक्षक एवं बच्चों द्वारा साझा पठन, बुधवार- छोटे समूह में बच्चों द्वारा समूह पठन, गुरुवार- स्वतंत्र पठन, शुक्रवार- चित्र आधारित कहानी एवं सृजनात्मक गतिविधियां, शनिवार- पुस्तक चर्चा और अभिव्यक्ति

# ग्रामीण सेवा शिविर 2026 के फॉलोअप शिविर निरन्तर जारी

## 5 व 6 अगस्त को विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगेंगे फॉलोअप शिविर

अजय भारत न्यूज

**धौलपुर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्रामीण सेवा शिविर-2026 के अंतर्गत 31 अगस्त तक जिले में फॉलो-अप शिविर लग रहे है। इसमें मुख्य अभियान के दौरान शेष रहे शिविर आयोजित किए जाएंगे तथा पूर्व में आयोजित शिविरों में प्राप्त सुझावों, लंबित प्रकरणों एवं जनसमस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि फॉलो-अप शिविरों में सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। शिविरों के दौरान प्राप्त सुझावों का परीक्षण कर उनके क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। रास्तों एवं अतिक्रमण से जुड़े प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण कराकर ग्रामीणों को त्वरित राहत मिल रही है।

जिला कलक्टर ने बताया कि 5 अगस्त को उपखण्ड धौलपुर की ग्राम पंचायत मढ़ाभाऊ के अटल सेवा केन्द्र में एवं फिरोजपुर के नव सृजित पंचायत भवन में, उपखण्ड बाड़ी की ग्राम गढ़ी खिराना के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं सिंगोरई के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बसेड़ी की ग्राम पंचायत कुनकुटा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत दिहौली के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड सैपऊ की ग्राम पंचायत झीलरा एवं मढ़ा कांकौली के अटल सेवा केन्द्र में तथा उपखण्ड सरमथुरा की ग्राम पंचायत धौंध के अटल सेवा केन्द्र में एवं 6 अगस्त को उपखण्ड धौलपुर की ग्राम पंचायत तगावली एवं जाटौली के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बाड़ी की ग्राम पंचायत बरपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एवं रूंधेरा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बसेड़ी की ग्राम पंचायत हरजूपुरा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत बसईघीयाराम के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड सैपऊ की ग्राम पंचायत मानपुर एवं बरा के अटल सेवा केन्द्र में तथा उपखण्ड सरमथुरा की ग्राम पंचायत पिपरैट

# विधिक सेवा के तहत न्यायिक अधिकारियों ने ली बच्चों की क्लास



बाड़ी.... स्कूलों में बच्चों की क्लास लेते न्यायिक अधिकारी।

## गुड और बेड टच के साथ पॉक्सो अधिनियम से कराया अवगत, अचेत रहने की दी सलाह

अजय भारत न्यूज

**बाड़ी।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देश पर मंगलवार को धौलपुर विधिक सेवा समिति द्वारा शहर और ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। 'ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडेज' अभियान के तहत न्यायिक अधिकारियों ने स्कूलों में बच्चों को पॉक्सो एक्ट के साथ 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में जानकारी दी। उन्हें अनजान व्यक्तियों से मिलते समय सतर्क रहने और विवेक से काम लेने की सलाह दी गई, ताकि वे किसी भी अपराध का शिकार न हों।

इस अभियान के तहत, एसीजेएम आयुष गुप्ता ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल अग्रसेन विद्यापीठ में, एसीजेएम चित्राक्षी सिंह ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खानपुर में छात्रों की कक्षाएं लीं। वही न्यायिक अधिकारी सौम्या यादव ने आदर्श विद्या मंदिर स्कूल पहुंचकर बच्चों को कानून से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी और उन्हें वर्तमान समय में सचेत रहने तथा सावधानी बरतने की आवश्यकता समझाई।

न्यायिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बच्चों की सुरक्षा केवल परिवार या विद्यालय की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक बच्चे के लिए यह जानना आवश्यक है कि कौन सा व्यवहार सामान्य और सुरक्षित है, और कौन सा उनकी गरिमा व सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है।

यदि किसी व्यक्ति का स्पर्श, व्यवहार या बातचीत बच्चों को असहज,भयभीत या असुरक्षित महसूस कराए,तो इसे कभी भी अनदेखा नहीं करना चाहिए। किसी भी प्रकार का अनुचित स्पर्श या उत्पीड़न सहना या छिपाना समाधान नहीं है; बल्कि उसकी सूचना देना और सही कदम उठाना अत्यंत आवश्यक है। कभी-कभी गलत इरादे रखने वाले लोग बच्चों का विश्वास जीतने के लिए उन्हें उपहार,लालच या धमकी देते हैं,जिसके दबाव में नहीं आना चाहिए।

न्यायिक अधिकारियों ने पॉक्सो अधिनियम के बारे में भी बच्चों को विस्तृत जानकारी दी और बताया कि इन अपराधों के लिए कठोर दंड का प्रावधान है। उन्होंने बच्चों को मोबाइल फोन और सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारी और सावधानी से करने,अजनबियों से बातचीत करने से बचने तथा निजी जानकारी या तस्वीरें किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करने की सलाह दी। कार्यक्रम में सभी विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं

# सहायक अभियंता विजय कुमार की पदोन्नति पर रजक समाज ने किया सम्मान

अजय भारत न्यूज

**धौलपुर।** जलदायक विभाग के सहायक अभियंता एईएन विजय कुमार की पदोन्नति एवं धौलपुर आगमन पर विश्व रजक महासंघ, द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। समारोह का आयोजन महासंघ के जिला अध्यक्ष जीतू दिवाकर के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ, जिसमें समाज के गणमान्य नागरिकों, पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह के दौरान विजय कुमार का माल्यार्पण, साफा पहनाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। उपस्थित लोगों ने उन्हें पदोन्नति की हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। जिला अध्यक्ष जीतू दिवाकर ने कहा कि समाज के प्रतिभाशाली एवं कर्मठ व्यक्तियों का सम्मान करना पूरे समाज का दायित्व है। विजय कुमार ने अपनी लगन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है, जो



धौलपुर..अभियंता का सम्मान करते समाज के लोग

समाज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। गोपाल सिंह बाड़ी ने विश्वास व्यक्त किया कि विजय कुमार अपने नए दायित्व का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करते हुए विभाग और समाज का नाम और अधिक गौरवान्वित करेंगे। वहीं राकेश कुमार (राजपुर) ने कहा कि समाज के सफल एवं होनहार व्यक्तियों का सम्मान किए जाने से युवाओं में शिक्षा, अनुशासन और मेहनत के प्रति सकारात्मक प्रेरणा मिलती है तथा सामाजिक एकता और भाईचारे की भावना भी मजबूत होती है। इस अवसर पर सहायक अभियंता विजय कुमार एवं उनके बड़े भाई अजय बिलोनिया ने समाज के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज द्वारा मिला यह स्नेह और सम्मान उनके लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। समारोह में जिला अध्यक्ष जीतू दिवाकर, गोपाल सिंह बाड़ी, धर्मवीर अध्यापक, राकेश कुमार राजपुर, अजय बिलोनिया उड़ान टीम, पप्पू नौराह, हजारी प्रसाद, विजय अध्यापक, अभिषेक, हरि, हर्ष, गौरव सहित रजक समाज के अनेक वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# राजकीय महाविद्यालय में मणिपुरी नृत्य कार्यक्रम का आयोजन

अजय भारत न्यूज

**धौलपुर।** भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र के तत्वावधान में स्पिक मैके एनजीओ के सहयोग से संस्थान परिसर में एक भव्य मणिपुरी नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम की मुख्य कलाकार प्रसिद्ध नृत्यांगना इवाना सरकार रहीं, जबकि कार्यक्रम का ओरिएंटेशन (अभिमुखीकरण) अनमोल शर्मा द्वारा संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात. महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. गिर्राज सिंह मीना एवं रीता देवी सिंह ने मुख्य कलाकार इवाना सरकार को उपरना पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर



उनका आत्मीय स्वागत किया। इसके साथ ही प्राचार्य ने अनमोल का भी उपरना पहनाकर तथा स्मृति चिह्न प्रदान कर अभिनंदन किया। स्वागत समारोह के बाद अनमोल ने उपस्थित श्रोताओं को मुख्य कलाकार का परिचय दिया तथा मणिपुरी नृत्य की समृद्ध परंपरा और उसकी सांस्कृतिक बारीकियों से अवगत कराया। इसके बाद मुख्य कलाकार इवाना ने अपनी मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। प्रस्तुति के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को मणिपुरी नृत्य की विभिन्न मुद्राओं और भंगिमाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जिसे विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ सीखा।

कार्यक्रम के उत्तरार्ध में प्राचार्य का सारगर्भित उद्बोधन हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में मणिपुरी शास्त्रीय नृत्य के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को भारतीय कला और संस्कृति को अपनाने तथा इसे सीखने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन श्वेता कुमारी, ललिता मीणा एवं निरंजन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अंत में प्रोफेसर सोहराब शर्मा जी द्वारा सभी अतिथियों, कलाकारों एवं सहयोगियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत कर कार्यक्रम का औपचारिक समापन किया गया। इस अवसर पर संकाय के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने पूरे कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और भारतीय शास्त्रीय नृत्य की इस सुंदर विधा का आनंद उठाया।

# नवनियुक्त डीएसओ व अधिकारियों का राशन डीलर संघ ने किया स्वागत

अजय भारत न्यूज

**धौलपुर/बाड़ी।** राशन डीलर संघ धौलपुर के जिलाध्यक्ष रामनाथ सिंह परमार के नेतृत्व में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान हाल ही में पदभार ग्रहण करने वाले नवनियुक्त जिला रसद अधिकारी विनोद कुमार जुनेजा, अधिशासी अधिकारी जगदीश प्रसाद शर्मा तथा जितेंद्र पाठक का साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित राशन डीलरों ने नवपदस्थापित अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी,



सुलभ और सुदृढ़ बनाने के लिए पूर्ण निष्ठा व सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामनाथ सिंह परमार, योगेश जादौन, दीपक गर्ग, नीतू चौहान, नंदकिशोर मंगल, माखन सिंह मीणा, अजय मीणा, योगेश गौड़, योगेंद्र शर्मा, रिंकू ठेकेदार, राकेश जादौन, सोमेस्वर गुर्जर, लेखराज परिहार, मोनू तोमर, नरगिस खान सहित संघ के अन्य प्रमुख पदाधिकारी एवं जिले भर से आए राशन डीलर मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक में संगठन के सुदृढ़ीकरण पर हुआ मंथन

## उद्घाटन मैच में धौलपुर ने पाली को 4-0 से हराया

अजय भारत न्यूज

**धौलपुर।** महाराज उदयभान इन्फेंट राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (विद्यालय शिक्षा) की प्रथम जिला बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश महिला मंत्री गीता जैलिया मुख्य अतिथि एवं पालक की भूमिका में उपस्थित रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा द्वारा की गई तथा मंच संचालन जिला मंत्री नवनीत प्रिय त्रिपाठी ने किया। बैठक के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि गीता जेलिया ने संगठन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, विधान तथा कार्यपद्धति में आए नवीन परिवर्तनों से सभी को परिचित कराया। उन्होंने संगठन में संयोजक, सह-संयोजक एवं



धौलपुर..बैठक में संबोधित करते अतिथि

कार्यकर्ताओं के निर्माण के साथ-साथ नियमित प्रवास के महत्व और कार्यकर्ताओं की सकारात्मक मनोस्थिति तैयार करने पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र के दौरान गीता जेलिया द्वारा खंड स्तर पर लगाए गए पालकों के दायित्वों और उनकी भूमिका की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए पाथेय प्रदान किया गया। इसी क्रम में अध्यक्षीय संबोधन देते हुए जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने खंड स्तर पर वित्तीय व्यवस्थाओं में कार्यकर्ताओं के योगदान तथा दायित्ववान कार्यकर्ताओं के महत्व पर बल दिया। द्वितीय सत्र में 'मेरा विद्यालय मेरा तीर्थ', 'नशा मुक्त विद्यालय' तथा 'प्लास्टिक मुक्त विद्यालय' की अवधारणाओं को धरातल पर उतारने और विद्यालयों के शैक्षणिक व सामाजिक परिवेश को उत्कृष्ट बनाने हेतु गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक के मुख्य एजेंडे के अंतर्गत जिला एवं खंड स्तरों पर आयोजित 'गुरु वंदन' कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा इनके माध्यम से नई पीढ़ी में भारतीय संस्कारों को सिंचित करने के विषय पर गीता जेलिया, पुरुषोत्तम शर्मा, नवनीत प्रिय त्रिपाठी एवं देवेश प्रसाद शर्मा द्वारा विचार व्यक्त किए गए। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण अभियान तथा आगामी दिनों में खंड स्तर पर आयोजित होने वाली साधारण सभा की ठोस योजना रचना पर चर्चा की गई। इस गरिमापूर्ण बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के दायित्ववान कार्यकर्ता देवेश प्रसाद शर्मा, गोविंद प्रसाद शर्मा, जयप्रकाश कटारा, नवीन जिला कार्यकारिणी के समस्त सदस्य एवं विभिन्न खंडों से आए

# साढ़े तीन साल पहले बिछड़े मसीदूर से मिले उसके परिजन, अपना घर ने कराया मिलन

## विक्षिप्त अवस्था में निकल आया था घर से, परिजन छोड़ चुके थे आस

अजय भारत न्यूज

**बाड़ी।** शहर के बसेड़ी रोड स्थित अपना घर आश्रम ने साढ़े तीन साल पहले बिछड़े मसीदुर रहमान को उसके परिवार से मिला दिया है। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के वामनटोला निवासी मसीदुर रहमान पिछले छह माह से आश्रम में रह रहे थे।

मसीदुर के पिता मोजीबुर रहमान ने बताया कि उनका बेटा साढ़े तीन साल पहले मानसिक स्थिति कमजोर होने के कारण बिना बताए घर से निकल गया था। परिवार ने हर जगह उसकी तलाश की,लेकिन लंबे समय तक कोई जानकारी न मिलने पर उन्होंने उसके जीवित होने की उम्मीद छोड़ दी थी।

अपना घर आश्रम के काउंसलर राजकुमार गर्ग ने जानकारी दी कि मसीदूर रहमान को 11 फरवरी 2026 को अपना घर रेस्क्यू टीम द्वारा आश्रम में भर्ती कराया गया



बाड़ी.. अपना घर से अपने बेटे को घर ले जाते परिजन।

था। आश्रम में सेवा और उपचार के दौरान जब उनकी मानसिक स्थिति में सुधार हुआ,तो उन्हें अपने परिवार की याद आई और उन्होंने अपना नाम व पता बताया। इसके बाद,गूगल सर्च और इंटरनेट की मदद से उनके गांव का नाम और संबंधित थाने की जानकारी जुटाई गई। आश्रम ने संबंधित थाने से संपर्क कर सूचना दी,जिसके बाद मसीदुर के परिजनों का नंबर प्राप्त हुआ।

मंगलवार को मसीदुर के परिजन अपना घर आश्रम बाड़ी पहुंचे और उसे अपने साथ वामनटोला, जिला मालदा, पश्चिम बंगाल ले गए। इस अवसर पर आश्रम अध्यक्ष सुनील गर्ग, सचिव बंटू कुमार, राजकुमार गर्ग, नितेश प्रजापति, भूरा सिंह और अमन बघेल सहित कई सेवा साथी मौजूद रहे।

आश्रम अध्यक्ष सुनील गर्ग ने बताया कि अपना घर आश्रम अब तक 200 प्रभुजियों का उनके परिवारों से पुनर्मिलन करा चुका है। उन्होंने कहा कि आश्रम बेसहारा, लावारिस और मानसिक रूप से कमजोर लोगों को आश्रय,उपचार और देखभाल प्रदान करता है और

# गंभीर ऑपरेशन के दौरान प्रसूताओं के परिजनों को रक्त के लिए नहीं होना पड़ेगा परेशान: राठौड़

अजय भारत न्यूज

**जयपुर ।** प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने कहा कि प्रदेश के सभी राजकीय चिकित्सा संस्थान स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करें तथा प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय पर प्रतिमाह कम से कम एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर पर्याप्त रक्त उपलब्ध रहने से प्रसूताओं के गंभीर ऑपरेशन के दौरान समय पर रक्त मिल सकेगा और रिप्लेसमेंट के लिए उनके परिजनों को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान प्रमुख शासन सचिव ने निर्देश दिए कि सभी रक्तदान शिविरों में राजकीय ब्लड सेंटर की रक्त संग्रहण टीम के माध्यम से ही रक्त संग्रहण कराया जाए, जिससे संबंधित क्षेत्र में रक्त की उपलब्धता बनी रहे। उन्होंने कहा कि जिन ब्लड बैंकों द्वारा संग्रहित रक्त का अत्यधिक डिस्कार्ड किया जा रहा है, उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी ब्लड सेंटर प्रतिदिन ई-रक्तकोष पोर्टल पर रक्त की उपलब्धता का अद्यतन विवरण अनिवार्य रूप से दर्ज करें, ताकि प्रदेशभर में रक्त भंडार की प्रभावी निगरानी एवं आवश्यकता अनुसार उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में प्रमुख शासन सचिव ने बीकानेर, उदयपुर, बांसवाड़ा, जनाना अस्पताल जयपुर, एमडीएम अस्पताल जोधपुर, श्रीगंगानगर तथा एसएमएस अस्पताल जयपुर में दर्ज मातृ मृत्यु के मामलों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित चिकित्सकों के साथ उपचार व्यवस्था एवं प्रोटोकॉल पर चर्चा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। आदिवासी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएमएचओ) को गर्भवती महिलाओं के बेहतर पोषण एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों की सूची तैयार करने तथा खराब उपकरणों की तत्काल मरम्मत अथवा प्रतिस्थापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चिकित्सा सेवाओं में उपयोग होने वाली दवाइयों एवं आवश्यक उपभोग्य सामग्री की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। इस संबंध में मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्यों एवं सीएमएचओ से फीडबैक लेकर राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक को आवश्यक निर्देश दिए गए। बरसात के मौसम को देखते हुए प्रमुख शासन सचिव ने जर्जर भवनों में संचालित सरकारी गतिविधियों को तत्काल सुरक्षित भवनों में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कहा कि सभी डिलीवरी पॉइंट वाले चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक संसाधन एवं सुविधाएं पूर्ण रूप से उपलब्ध रहें, ताकि गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। बैठक में मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जोगाराम, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त बाबूलाल गोयल, प्रबंध निदेशक आरएमएससीएल पुखराज सैन, अतिरिक्त मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. टी. शुभमंगला, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. नरोत्तम शर्मा, निदेशक आरसीएच डॉ. मधु रतेश्वर सहित विभागीय अधिकारी

## आज का विचार



जीवन में सफलता अचानक नहीं मिलती, उसके लिए तैयारी करनी पड़ती है। पीली बत्ती हमें सिखाती है कि गति पकड़ने से पहले अपने आसपास की परिस्थितियों का मूल्यांकन करना कितना जरूरी है।

■ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम



जब रास्ता साफ हो, तो पूरी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ो। हरी बत्ती निरंतर आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाने का प्रतीक है, लेकिन नियमों के दायरे में रहकर।

■ सुभाष चंद्र बोस

## सम्पादकीय

# पीके की 'नवीन' शुरुआत...

**प्रशांत किशोर ने बिहार के बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में शानदार जीत दर्ज कर अपनी चुनावी राजनीति की एक 'नवीन' और ऐतिहासिक शुरुआत की है। पूर्व राजनीतिक रणनीतिकार और 'जन सुराज पार्टी' के संस्थापक प्रशांत किशोर ने भाजपा के इस मजबूत गढ़ में सेंध लगाकर अपनी पहली चुनावी जीत हासिल की है। पीके पास हो गए... बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीत दर्ज कर प्रशांत किशोर ने यह साबित कर दिया कि वे सिर्फ चुनावी रणनीतिकार ही नहीं, बल्कि जनता का भरोसा जीतकर खुद चुनाव भी जीत सकते हैं। उनकी यह जीत कई मायनों में बेहद अहम मानी जा रही है। सबसे बड़ी वजह यह है कि बांकीपुर सीट पिछले करीब तीन दशकों से भारतीय जनता पार्टी का मजबूत गढ़ रही है। यह वही सीट है, जहां से बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष नितिन नवीन लगातार चुनाव जीतते रहे थे।**

नितिन नवीन के राज्यसभा जाने के बाद यह सीट खाली हुई और उपचुनाव कराया गया। ऐसे में इस चुनाव को बीजेपी की प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जा रहा था। इसके अलावा, सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के बाद यह पहला बड़ा चुनाव था, जिसमें बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा। यही कारण है कि इस जीत ने बिहार की राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी है। मतगणना शुरू होने के साथ ही शुरुआती रुझानों में प्रशांत किशोर बढ़त बनाते नजर आए और 32 राउंड तक चली गिनती में उन्होंने लगभग हर चरण में अपनी बढ़त बरकरार रखी। जैसे-जैसे मतगणना आगे बढ़ी, बीजेपी और जन सुराज पार्टी के बीच जीत का अंतर भी बढ़ता गया।शुरुआत में बीजेपी कार्यकर्ताओं का आत्मविश्वास इतना अधिक था कि मतगणना शुरू होने से पहले ही जीत का जश्न मनाने के लिए लड्डू तैयार कर लिए गए थे। हालांकि, कुछ ही राउंड के बाद तस्वीर पूरी तरह बदल गई। जन सुराज के कार्यकर्ता जश्न मनाते नजर आए, जबकि बीजेपी खेमे में सन्नाटा पसर गया। इस जीत को कई राजनीतिक विश्लेषक जन सुराज के अभियान, स्थानीय मुद्दों और मौजूदा राज्य सरकार के कामकाज पर जनता की प्रतिक्रिया से भी जोड़कर देख रहे हैं। प्रशांत किशोर के लिए यह सिर्फ एक सीट की जीत नहीं, बल्कि उनके राजनीतिक जीवन का पहला चुनावी जनादेश है। देश के कई बड़े नेताओं के लिए चुनावी रणनीति तैयार कर चुके प्रशांत किशोर को लंबे समय तक एक सफल चुनावी रणनीतिकार के रूप में जाना जाता रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तक कई बड़े नेताओं के चुनावी अभियानों में उनकी भूमिका चर्चा का विषय रही है। लेकिन जब उन्होंने सक्रिय राजनीति में कदम रखा, तब सबसे बड़ा सवाल यही था कि क्या जो व्यक्ति दूसरों को चुनाव जिताने की रणनीति बनाता है, वह खुद जनता का भरोसा जीत पाएगा? बांकीपुर की जीत ने फिलहाल इस सवाल का जवाब उनके पक्ष में दे दिया है। प्रशांत किशोर ने वर्ष 2024 में जन सुराज पार्टी का गठन किया था। इसके बाद 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में उन्होंने पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ा, लेकिन पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली। उस हार के बाद विपक्षी दलों और राजनीतिक विश्लेषकों ने सवाल उठाए थे कि क्या प्रशांत किशोर की रणनीति केवल सलाह देने तक सीमित है और क्या वह खुद चुनावी राजनीति में सफल हो पाएंगे? हालांकि, बांकीपुर उपचुनाव की जीत ने इस धारणा को काफी हद तक बदल दिया है। अब प्रशांत किशोर केवल चुनावी रणनीतिकार नहीं, बल्कि जनता से सीधे जनादेश प्राप्त करने वाले नेता भी बन गए हैं। बांकीपुर सीट बीजेपी के लिए हमेशा से प्रतिष्ठा का विषय रही है। यही वजह थी कि पार्टी को भरोसा था कि यह सीट उसके पास ही बनी रहेगी।लेकिन इस चुनाव में राजनीतिक परिस्थितियां धीरे-धीरे बदलती चली गईं। प्रशांत किशोर ने चुनाव प्रचार के दौरान लगातार यह संदेश देने की कोशिश की कि यह चुनाव केवल एक विधानसभा सीट का नहीं, बल्कि बिहार में नई राजनीति की शुरुआत का चुनाव है। उन्होंने अपने भाषणों में राज्य सरकार और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर भी लगातार निशाना साधा और दावा किया कि यदि बांकीपुर में बीजेपी हारती है, तो उसका संदेश पूरे बिहार में जाएगा। चुनाव परिणाम आने के बाद उनकी यह रणनीति सफल होती दिखाई दी और बांकीपुर का उपचुनाव राष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक चर्चा वाले चुनावों में शामिल हो गया।

## आज का चिंतन

### तुम्हारी समस्या बड़ी है तो...

नतीजा यह हुआ कि हर कोई बोलने लगा। कोलाहल मच गया। फकीर ने सभी को चुप होने के लिए कहा। सभी लोग चुप हो गये तब फकीर ने कहा, मैं सबकी समस्या दूर कर दूंगा। आप सब लोग एक-एक कागज पर अपनी समस्या लिखकर लाएं और मुझे दे दें। कुछ ही देर में कागजों का ढेर लग गया। फकीर ने कागजों को एक टोकरी में रखा और उसे सबके बीच में रख दिया। एक आदमी की तरफ इशारा करके फकीर मे कहा, यहां से शुरू करके सब बारी-बारी से आएंगे और एक-एक कागज उठा लें। ध्यान रहे किसी को अपना कागज नहीं उठाना है। लोग एक-एक कर आए कागज उठा-उठा कर अपनी-अपनी जगह बैठ गए। फकीर ने कहा, अब इस कागज में लिखी किसी दूसरे की समस्या पढ़ो। अगर चाहो तो मैं तुम्हारी समस्या दूर कर दूंगा पर उसके बदले कागज पर लिखी समस्या तुम्हारी हो जाएगी। तुम्हें लगता है कि तुम्हारी समस्या बड़ी है तो उसे दूर करवाकर कागज पर लिखी दूसरे की छोटी-सी समस्या अपना लो। चाहो तो आपस में कागज बदल लो।



## माय ओपीनियन

■ - विश्वास सारंग



# GenZ ने कॉमनवेल्थ गेम्स में बढ़ाया देश का गौरव

जब युवा संकल्प लेते हैं तो इतिहास बनता है। जब तिरंगा सबसे ऊँचा लहराता है, तो पूरा राष्ट्र गर्व से भर उठता है। भारत का जेन - जी अब केवल संभावनाओं का प्रतीक नहीं बल्कि उपलब्धियों का पर्याय बन चुका है।

ग्लासगो (स्कॉटलैंड) में 23 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स-2026 भारत के लिए केवल पदकों का महोत्सव नहीं बल्कि नई पीढ़ी के आत्मविश्वास, अनुशासन और वैश्विक खेल नेतृत्व का प्रतीक बनकर सामने आया है। 122 भारतीय खिलाड़ियों ने आठ सामान्य खेलों और पाँच पैरा-स्पोर्ट्स में भाग लेते हुए 13 स्वर्ण, 17 रजत और 9 कांस्य सहित कुल 39 पदक जीतकर विश्व पटल पर सम्पूर्ण भारतवर्ष का मान बढ़ाया है। तो वहीं भारत के खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में कई बार डबल पोडियम का भी गौरव हासिल किया है। साथ हीं मध्यप्रदेश अकादमी की जूडो खिलाड़ी यामिनी मौर्य और वेटलिफ्टर अजय बाबू दोनों ने रजत पदक जीतकर वैश्विक मंच पर देश सहित प्रदेश का नाम रोशन किया है।

इस बार के कॉमनवेल्थ गेम्स कई मायनों में चुनौतीपूर्ण थे। भारत के परंपरागत पदक दिलाने वाले खेल रेसलिंग, बैडमिंटन, हॉकी, शूटिंग और टेबल टेनिस खेल का हिस्सा नहीं थे। इसके बावजूद भारत के जेन - जी खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह सिद्ध कर दिया कि अब भारत की खेल शक्ति कुछ चुनिंदा खेलों तक सीमित नहीं रही है।

भारत के जेन - जी खिलाड़ी अब हर उस मंच पर अपनी क्षमता साबित कर रहे हैं जहाँ अवसर उपलब्ध हैं। वे अपने अदम्य साहस, अथक परिश्रम और अद्भुत प्रतिभा से पूरी दुनिया को यह संदेश दे रहे हैं कि भारत अब केवल भाग लेने वाला देश नहीं बल्कि खेल महाशक्ति बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ने वाला देश है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में खिलाड़ियों के सम्मान, खेल संस्कृति के विस्तार और आधुनिक सुविधाओं के विकास ने भारत के युवा खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का नया आत्मविश्वास दिया है। यह उपलब्धियाँ खिलाड़ियों की अथक प्रयासों, अटूट लगन और समर्पण के साथ भारत में खेलों के प्रति बढ़ती जागरूकता, आधुनिक खेल अधोसंरचना, प्रतिभा संवर्धन और युवाओं को मिल रहे व्यापक अवसरों का प्रमाण है।

वहीं मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में हम लगातार खेल, खिलाड़ी और खेल मैदान के उन्नयन व विस्तार के लिए प्रयास कर रहे हैं। खिलाड़ी को उत्कृष्ट खिलाड़ी बनाना, युवाओं को खेल के प्रति आकर्षित करना और आधुनिक अधोसंरचना का निर्माण करना हमारा लक्ष्य है। हम प्रदेश की सभी विधानसभा में एक खेल परिसर का निर्माण कर रहे हैं। जिससे प्रदेश में खेल संस्कृति को अभूतपूर्व विस्तार मिल सके।



> "भारत के जेन - जी खिलाड़ी अब हर उस मंच पर अपनी क्षमता साबित कर रहे हैं जहाँ अवसर उपलब्ध हैं। वे अपने अदम्य साहस, अथक परिश्रम और अद्भुत प्रतिभा से पूरी दुनिया को यह संदेश दे रहे हैं कि भारत अब केवल भाग लेने वाला देश नहीं बल्कि खेल महाशक्ति बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने वाला देश है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में खिलाड़ियों के सम्मान, खेल संस्कृति के विस्तार और आधुनिक सुविधाओं के विकास ने भारत के युवा खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का नया आत्मविश्वास दिया है। यह उपलब्धियाँ खिलाड़ियों की अथक प्रयासों, अटूट लगन और समर्पण के साथ भारत में खेलों के प्रति बढ़ती जागरूकता, आधुनिक खेल अधोसंरचना, प्रतिभा संवर्धन और युवाओं को मिल रहे व्यापक अवसरों का प्रमाण है।"

कॉमनवेल्थ गेम्स में इस बार भारतीय मुक्केबाज़ों का स्वर्णिम प्रदर्शन इस उपलब्धि का सबसे बड़ा आधार बना। भारत ने बॉक्सिंग में रिकॉर्ड 10 पदक, जिनमें 7 स्वर्ण शामिल हैं, जीतकर नया इतिहास रच दिया। यह किसी भी देश द्वारा एक ही कॉमनवेल्थ गेम्स में बॉक्सिंग में जीते गए सर्वाधिक स्वर्ण पदकों का रिकॉर्ड है। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने रजत पदक जीता, जबकि साक्षी चौधरी ने शानदार प्रदर्शन से भारतीय मुक्केबाज़ी का भविष्य और भी उज्ज्वल कर दिया।

मीराबाई चानू ने अपना तीसरा लगातार कॉमनवेल्थ स्वर्ण जीतकर खिताबी हैट्रिक पूरी की, वहीं ऋषिकांत सिंह पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग में रजत जीतकर एबल-बॉडी वर्ग में पोडियम तक पहुँचने वाले पहले भारतीय बने। जूडो में अस्मिता डे इस खेल में भारत की पहली कॉमनवेल्थ चैंपियन बनीं और हर्ष सिंह ने भी पदक जीतकर इतिहास रचा।

एथलेटिक्स में भारत के युवा सितारों ने नई ऊँचाइयाँ छुईं। गुलवीर सिंह एक ही कॉमनवेल्थ गेम्स में दो व्यक्तिगत पदक जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक एवं फील्ड एथलीट बने। तेजस्विन शंकर डेकाथलॉन में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने, जबकि चोट के कारण बर्मिंघम 2022 में हिस्सा न ले पाने वाले नीरज चोपड़ा ने पुरुषों की जैवलिन थ्रो में सिल्वर मेडल जीतकर पोडियम पर वापसी की और एक बार फिर खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया।

भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स में अपना अब तक का सबसे अच्छा पैरा-स्पोर्ट्स प्रदर्शन किया और सात मेडल जीते, जिसमें तीन गोल्ड, दो सिल्वर और दो ब्रॉन्ज शामिल थे। इनमें से छह मेडल पैरा-एथलेटिक्स में मिले, जिससे कॉमनवेल्थ गेम्स में पैरा-एथलेटिक्स पोडियम पर भारतीय खिलाड़ियों के पहुंचने का 20 साल का इंतजार खत्म किया और कई स्पर्धाओं में डबल पोडियम हासिल कर विश्व मंच पर अपनी असाधारण क्षमता का परिचय दिया।

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के बाद इस प्रतियोगिता में भारत के कुल मेडल की संख्या 19 बार की भागीदारी में 603 हो गई है, जिससे भारत ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड

## फोकस

■ - कीथ लो



# ट्रैफ़िक लाइट ने दुनिया को कैसे बदल दिया

दुनिया का पहला ट्रैफिक सिग्नल दिसंबर 1868 में लंदन में स्थापित किया गया था। यह वेस्टमिंस्टर पैलेस के बाहर, ब्रिज स्ट्रीट और पार्लियामेंट स्ट्रीट के जंक्शन पर स्थित था।यह कोई संयोग नहीं है कि इस विश्व-विजयी शक्ति का उद्गम यहीं हुआ। 1860 के दशक में, लंदन दुनिया का सबसे बड़ा शहर था, जिसकी आबादी लगभग चार मिलियन थी। यह दुनिया का अग्रणी वित्तीय केंद्र, दुनिया का सबसे बड़ा बंदरगाह और कनाडा से ऑस्ट्रेलिया तक फैले एक विशाल साम्राज्य का केंद्र था।

लंदन अपनी ही सफलता का शिकार बन गया था । इसकी सड़कें पैदल यात्रियों, घोड़ों, बसों, टैक्सियों और बैलगाड़ियों से भरी रहती थीं, सभी एक ही जगह के लिए होड़ करते थे। इसकी संकरी, मध्ययुगीन सड़कों पर यातायात जाम आम बात थी, और जानलेवा दुर्घटनाएँ बढ़ रही थीं: हाउस ऑफ लॉर्ड्स में हुई एक बहस के अनुसार, 1858 और 1860 के बीच शहर की सड़कों पर पैदल यात्रियों की मौत की दर प्रति सप्ताह एक तक पहुँच गई थी। तीन साल के भीतर यह दर लगभग दोगुनी हो गई; तीन साल बाद यह फिर से दोगुनी हो गई। हजारों और पैदल यात्री लापरवाह चालकों द्वारा टक्कर मारकर या कुचलकर स्थायी रूप से अपंग हो गए थे।

अव्यवस्था को नियंत्रित करने के प्रयास में, संसद ने शहर के लिए नए यातायात नियम बनाने हेतु हाउस ऑफ लॉर्ड्स की एक चयन समिति नियुक्त की। 1866 में, इस समिति ने सभी उपलब्ध विशेषज्ञों - विद्वानों, इंजीनियरों, व्यापारियों, टैक्सी चालकों, पुलिसकर्मियों आदि - को एकत्रित किया और सुझाव माँगने लगी। जल्द ही प्रस्तावों की बाढ़ आ गई। कुछ लोगों ने सुझाव दिया कि व्यस्त समय में डिलीवरी चालकों को शहर के केंद्र में आने से प्रतिबंधित कर दिया जाए। अन्य लोगों ने मांग की कि टैक्सी चालकों को अंधेरा होने के बाद लैंप लेकर चलना अनिवार्य किया जाए, ताकि पैदल यात्री उन्हें आते हुए देख सकें। सुरक्षित वाहन, सड़क विक्रेताओं की संख्या में कमी और पुलिस की शक्तियों में वृद्धि के प्रस्ताव भी रखे गए। और अगले वर्ष भर राजनेताओं द्वारा प्रत्येक प्रस्ताव पर चर्चा और बहस की गई।



ट्रैफ़िक लाइटों का विचार 38 वर्षीय रेलवे अधीक्षक जॉन पीक नाइट के मन में आया। नाइट के अनुसार, लंदन की समस्याओं का समाधान सरल था: शहर को केवल एक बेहतर सिग्नलिंग प्रणाली की आवश्यकता थी। प्रमुख चौराहों पर पहले से ही ट्रैफ़िक पुलिसकर्मियों का कब्ज़ा था - लेकिन यह खतरनाक काम था, और पुलिसकर्मी भीड़ में हमेशा दिखाई नहीं देते थे। नाइट ने रेलवे में पहले से ही इस्तेमाल हो रही प्रणाली जैसी एक प्रणाली का प्रस्ताव रखा: ऊँचे खंभों के शीर्ष पर लगे सेमाफोर सिग्नल, जिनमें रंगीन बत्तियाँ लगी हों जो अंधेरा होने के बाद भी दिखाई दें। इस तरह के सिग्नल पुलिसकर्मियों द्वारा संचालित किए जा सकते थे, लेकिन उन्हें खतरनाक ट्रैफ़िक के बीच खड़े होने की आवश्यकता नहीं थी।

काफी बहस के बाद, समिति ने नाइट के विचार को आजमाने का फैसला किया। सैक्सबी एंड फार्मर नामक रेलवे इंजीनियर फर्म ने एक प्रोटोटाइप तैयार किया, जिसे संसद भवन के बाहर सड़क पर स्थापित करने का अधिकार दिया गया था। यदि सिग्नल वहां काम करते, तो परीक्षण को शहर के अन्य हिस्सों तक बढ़ाया जाता।

इस तरह दुनिया का पहला ट्रैफिक लाइट साम्राज्य के केंद्र में स्थापित हुआ। 'द टाइम्स' अखबार ने इसे 'विशालकाय सिग्नलिंग यंत्र' कहा था, जो किसी भी पुलिसकर्मी से कहीं अधिक प्रभावशाली था। 24 फीट की ऊंचाई पर, इसके दोनों ओर दो विशाल सिग्नलिंग आर्म्स लगे थे, और यह लंदन के कोहरे में किसी अलौकिक आकृति की तरह दिखाई देता था। जब इसके आर्म्स पूरी तरह ऊपर उठते थे, तो वे आठ फीट से भी अधिक चौड़े हो जाते थे, और नीचे के ट्रैफिक को रुकने का आदेश देते थे। उसी समय, इसके शीर्ष पर लगी लाल बत्ती लंदन के टैक्सी चालकों और डिलीवरी ड्राइवरों पर चमकती थी। लगभग एक मिनट के लिए, इस यांत्रिक दानव की सुरक्षा में, पैदल यात्री सड़क पार करने के लिए स्वतंत्र होते थे; जब तक कि सिग्नलिंग आर्म्स फिर से नीचे नहीं आ जाते, लाल बत्ती हरी नहीं हो जाती, और ट्रैफिक अंततः इसके प्रभाव से मुक्त नहीं हो जाता।

ब्रिज स्ट्रीट सिग्नल का पहली बार उपयोग गुरुवार 10 दिसंबर 1868 को किया गया था - नव निर्वाचित संसद के पहले दिन - जिसने लॉर्ड्स और कॉमनर्स को इसकी सौम्य रोशनी के नीचे सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। सभी रिपोर्टों के अनुसार, इसका पहली बार उपयोग करने वाले लोग बेहद खुश थे। हाल के महीनों में, इस सड़क पर दो सांसदों को टक्कर लग चुकी थी: नए सिग्नल के लागू होने से ऐसा लग रहा था कि साम्राज्य के शासक अंततः अपनी जान के डर के बिना अपने पवित्र सदनों तक पहुंच सकेंगे।

दुर्भाग्यवश, इस नए आविष्कार की सफलता क्षणिक रही। जनवरी की शुरुआत में, इसे स्थापित किए जाने के महज तीन सप्ताह बाद ही, संरचना का आधार फट गया। जांच में पता चला कि किसी लीक हो रहे पाइप से खोखले खंभे में गैस भर गई होगी, जो उस समय प्रज्वलित हो गई जब एक पुलिस अधिकारी ने रात को लाइट बंद करने के लिए नीचे का छोटा दरवाजा खोला। सिग्नल से आग की एक तेज लपट

## कई मायनों में सावन भारत का सबसे लोकतांत्रिक मौसम है...

## विश्लेषण

■ - डॉ. प्रियंका सौरभ



# हर किसी का अपना सावन है

सावन सिर्फ बारिश का मौसम नहीं है, बल्कि जीवन के सभी रूपों का उत्सव है। भारत मानसून के आगमन के साथ मौसम में बदलाव का स्वागत करता है, और इससे भी कहीं अधिक। यह एक ऐसे मौसम की शुरुआत है जो फलों की भरपूर फसल, ताजगी और नए जीवन को जन्म देता है, साथ ही मानव हृदयों में नई आशा और सदियों से समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करता है। महीनों की भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बाद बारिश होती है; यह केवल प्यासी धरती के लिए ही पानी नहीं है, बल्कि जागृत सपनों के लिए, थकी हुई आत्माओं को ऊर्जा प्रदान करने के लिए और अग्नि के सानिध्य में जीने वाले हम जैसे लोगों को बंजरपन का सामना करने और यह जानने की याद दिलाने के लिए है कि इसके बाद हरियाली और नया जीवन आएगा।



कई मायनों में सावन भारत का सबसे लोकतांत्रिक मौसम है। यह सबके लिए उपलब्ध है, लेकिन हर व्यक्ति के लिए इसका अपना अनूठा महत्व है। अलग-अलग लोगों के लिए, उनके पेशे, उम्र, यादों, आस्था, आकांक्षाओं और परिस्थितियों के अनुसार इसके अलग-अलग अर्थ होते हैं। कुछ के लिए यह सफलता का प्रतीक है, तो दूसरों के लिए प्रेम का। कई लोगों के लिए यह आस्था की यात्रा है, तो बच्चों के लिए मस्ती का! जी हां, हममें से हर कोई अपने-अपने तरीके से सावन का अनुभव करता है।

भारत के किसानों के लिए सावन सिर्फ बारिश नहीं, बल्कि जीवन और जीने का मौका है। कृषि आज भी इस देश में लाखों लोगों का प्रमुख रोजगार स्रोत है और बारिश का समय पर आना या न आना कई जगहों पर जीवन-मरण का सवाल होता है। हम सभी को इंतजार करना पड़ता है, और हर बादल उम्मीद लेकर आता है, हर बौछार राहत देती है, हर हरा-भरा खेत महीनों के धैर्य और मेहनत का फल होता है। समय पर बारिश होने से मिट्टी उपजाऊ होती है और किसान का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। सफलता के बिना, आशावाद की जगह चिंता ले लेती है। इसलिए किसान सावन पर निर्भर है और उसे इस पर भरोसा करना ही चाहिए।

सावन भारतीय कविता का अभिन्न अंग रहा है। वसंत ऋतु प्रेम के द्वार खोलती है, वहीं वर्षा ऋतु प्रेम और भावनाओं की प्रचुरता की अभिव्यक्ति मानी जाती है। प्राचीन संस्कृत के कवियों, मध्यकालीन भक्ति संतों, लोकगीतों और समकालीन लेखकों को काले बादलों, हल्की फुहारों, दूर-दूर तक फैले तूफानों और वर्षा से व्याकुल दृश्यों से प्रेरणा मिली है।

## बात आपके काम की...

### मुनक्के का सेवन होता है लाभप्रद

मुनक्के का सेवन सेहत के लिए लाभ प्रद है। ये शरीर को ताकत देता है और कई स्वास्थ्य समस्याओं से राहत प्रदान करता है। मुनक्का का रोजाना थोड़ी मात्रा में सेवन बेहद लाभदायी है। मुनक्का खाने से थकान, कमजोरी और एनीमिया जैसी समस्याएं दूर हो सकती हैं। यह फेफड़ों को मजबूत बनाने और खून बढ़ाने में विशेष रूप से लाभकारी है। आयुर्वेद में मुनक्का को बेहद लाभदायी माना जाता है। ये शीतल, मधुर और रसायन गुणों वाला बताया गया है। यह वात-पित्त दोष को शांत करता है, शरीर के सूखेपन को कम करता है। आचार्य चरक ने इसे बलवर्धक और रक्तवर्धक द्रव्य कहा है, जो शरीर के सभी ऊतकों को पोषण देता है। सूखी खांसी, मुंह सूखना, थकान और गर्मी से जुड़ी समस्याओं में यह उपयोगी सिद्ध होता है। खून की कमी दूर करने में मुनक्का की अहम भूमिका है। इसमें आयरन, कॉपर और प्राकृतिक शुगर का संतुलन होता है, जो हीमोग्लोबिन बनाने की प्रक्रिया को तेज करता है।



**आप भी आमंत्रित** | सम्पादकीय पेज पर आप भी आमंत्रित हैं। आप अपने विचार इस पेज के जरिए अभिव्यक्त कर सकते हैं। अपने विचार-लेख, रचनाएं, पत्र हमें इस ईमेल पर भेजें- ajaybharatrajasthan@gmail.com

संपादकीय पेज पर प्रकाशित सामग्री पर संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है।

# सेंसेक्स 493 अंक चढ़कर 79,132 पर खुला, निफ्टी में मामूली गिरावट, FII और DII ने जारी रखी खरीदारी

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों से मिल जुले लेकिन सकारात्मक संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांकों–सेंसेक्स और निफ्टी ने मंगलवार के कारोबारी सत्र की शुरुआत काफी सतर्क रुख के साथ की। निवेशक इस समय अमेरिकी कंपनियों के हालिया तिमाही नतीजों का आकलन कर रहे हैं। 30 शेयरों वाला BSE सेंसेक्स 493.94 अंक या 0.62 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,132.97 पर खुला, जबकि निफ्टी 70.4 अंक गिरकर 24,703.90 पर खुला। पिछले ट्रेडिंग सेशन में सेंसेक्स 78,639.03 पर और निफ्टी 50 24,774.30 पर बंद हुआ था। हालांकि, शुरुआती ट्रेडिंग सेशन में व्यापक इंडेक्स हरे निशान में



कारोबार कर रहे थे। BSE मिडकैप सेलेक्ट इंडेक्स 137.24 अंक ऊपर था, जबकि BSE स्मॉलकैप सेलेक्ट इंडेक्स ने 60.48 अंक या 0.68 प्रतिशत की बढ़त हासिल की और 8,940.94 पर हरे निशान में कारोबार किया।

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, अडानी पोर्ट्स और ट्रेंट में बढ़त देखी गई, जिसमें पावर ग्रिड 1.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ सबसे आगे रहा। दूसरी ओर, हिंदुस्तान यूनिलीवर, मारुति, ITC, अल्ट्राटेक सीमेंट और TCS में गिरावट देखी गई, जिसमें हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.49 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ सबसे ज्यादा नुकसान उठाने वाला शेयर रहा। शुरुआती कारोबार में मार्केट का रुख सकारात्मक रहा, जिसमें NSE पर 1,379 शेयरों में बढ़त और 1,115 शेयरों में गिरावट देखी गई। 109 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

चॉइस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड के टेक्निकल रिसर्च एनालिस्ट हितेश टेलर ने कहा मजबूत इंस्टीट्यूशनल भागीदारी, अनुकूल ग्लोबल संकेतों और बेहतर होते टेक्निकल मोमेंटम के कारण मार्केट का कुल सेटअप सकारात्मक बना हुआ है। हालिया तेज रैली के बाद ऊंचे स्तरों पर कुछ कंसोलिडेशन संभव है, लेकिन व्यापक ट्रेंड सकारात्मक बना हुआ है। मौजूदा मजबूती बनाए रखने के लिए तत्काल सपोर्ट लेवल से ऊपर बने रहना महत्वपूर्ण होगा, जबकि रेजिस्टेंस लेवल से ऊपर निर्णायक ब्रेकआउट ऊपर की ओर अगली चाल का रास्ता खोल सकता है।

गिफ्ट निफ्टी ने क्या संकेत दिया? Nifty 50 के लिए शुरुआती संकेत देने वाले Gift Nifty ने आज बढ़त के साथ शुरुआत का संकेत दिया। यह पिछले बंद भाव 24,665 के मुकाबले 56 अंक की बढ़त के साथ 24,609 पर खुला। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने लगातार छठे सेशन में खरीदारी जारी रखी और 1 अगस्त, 2026 को 922.26 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। इसी तरह, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने भी खरीदारी जारी रखी

# Samsung भारत में देगी ब्याज-मुक्त ईएमआई और त्योहारी छूट, लागत बढ़ने से चुनौती

**नयी दिल्ली।** दक्षिण कोरियाई प्रौद्योगिकी कंपनी सैमसंग ने कहा है कि वह भारत में बढ़ती लागत के बीच उपभोक्ताओं पर बोझ कम करने के लिए ब्याज-मुक्त मासिक किस्त (ईएमआई) और त्योहारी छूट जैसे विकल्प देगी। सैमसंग के दक्षिण-पश्चिम एशिया क्षेत्र के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जे. बी. पार्क ने लंदन में भारतीय पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि कच्चे माल की लागत बढ़ने से चालू वर्ष की पहली छमाही में भारतीय बाजार में करीब 15 प्रतिशत गिरावट आई है और दूसरी छमाही भी चुनौतीपूर्ण रह सकती है। उन्होंने कहा कि मेमोरी चिप की किल्लत और आपूर्ति बाधाओं से कारोबार के लिए स्थिति और मुश्किल हो गई है।



पार्क ने कहा हम बढ़ी हुई लागत के बोझ को यथासंभव अपने स्तर पर ही समाहित करने की कोशिश करेंगे और उपभोक्ताओं को बेहतर मूल्य देंगे। आने वाले त्योहारी मौसम में ग्राहकों को ब्याज-मुक्त ईएमआई और छूट जैसे किफायती विकल्प भी उपलब्ध कराए जाएंगे। कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते उपयोग और सीमित उत्पादन क्षमता के कारण मेमोरी चिप की उपलब्धता एक समस्या बनी हुई है।

भू-राजनीतिक कारणों से कच्चे माल की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है, जिससे पिछले छह महीनों में स्मार्टफोन समेत इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के दाम 20-30 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। उद्योग जगत का अनुमान है कि मेमोरी की लागत अगले 12-18 महीनों तक ऊंचे स्तर पर बनी रह सकती है। पार्क ने कहा कि भारत में एआई का उपयोग केवल फोटो या वीडियो के संपादन तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि सैमसंग 'ऑन-डिवाइस' एआई पर ध्यान दे रही है ताकि उपयोगकर्ता क्लाउड के बजाय सीधे अपने फोन पर ही एआई सुविधाओं का उपयोग कर सकें और गोपनीयता भी बेहतर

# डाबर के 100 प्रतिशत शुद्ध दावे वाले प्रोडक्ट पर रोक FSSAI ने शहद-घी समेत कई सामान बेचना बैन किया



**नई दिल्ली।** डॉबर के कई प्रोडक्ट की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इनमें शहद और गाय का घी भी शामिल है। ये प्रोडक्ट 100 प्रतिशत शुद्धता के दावे के साथ बेचे जा रहे थे। यह रोक खाने-पीने के सामानों के मानक तय करने वाली सरकारी संस्था FSSAI ने लगाई है।

फूड सेफ्टी एंड स्टेंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इन दावों को गुमराह करने वाला बताया है। इस पर डाबर से 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट मांगी है। सोमवार 3 अगस्त को FSSAI ने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी दी है।

FSSAI के अनुसार, कंपनी की वेबसाइट पर बेचे जा रहे खाद्य पदार्थों पर भ्रामक दावे पाए गए थे। इनमें 100 प्रतिशत नेचुरल, 100 प्रतिशत प्योर, 100 प्रतिशत प्योरिटी गारंटेड, 100 प्रतिशत ऑर्गनिक और 100 प्रतिशत टेंडर कोकोनट वॉटर जैसे लेबल शामिल थे। FSSAI का कहना है कि 100 प्रतिशत दावों का यह उपयोग FSS विनियम, 2018 का उल्लंघन करता है। ये दावे अस्पष्ट, असत्यापित और उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाले हैं।

नियमों के अन्य बड़े उल्लंघन

जैविक भारत लोगोः डाबर हिमालयन ऑर्गनिक एप्पल साइडर विनेगर और डाबर ऑर्गनिक हनी पर बिना किसी वैध FSSAI ऑर्गनिक एंडोर्समेंट के जैविक भारत लोगो पाया गया।

कंपाउंड फूड्स पर गलत दावाः डाबर होममेड कोकोनट मिल्क को 100 प्रतिशत Purity के दावे के साथ बेचा जा रहा था। FSS नियम, 2018 के तहत कंपाउंड फूड्स (मिश्रित खाद्य पदार्थों) के लिए ऐसा दावा करने की अनुमति बिल्कुल नहीं है।

### पहले भी दिया गया था नोटिस

FSSAI ने बताया कि उसने पहले भी डाबर को नोटिस जारी कर ऐसे भ्रामक '100 प्रतिशत दावों को तुरंत बंद करने का निर्देश दिया था। हालांकि, कंपनी ने कोई कदम नहीं उठाया। इसके बाद FSSAI को यह कड़ा प्रोहिबिशन (बैन) ऑर्डर जारी करना पड़ा। अब डाबर को 15 दिनों के अंदर यह बताना होगा कि उन्होंने FSSAI के आदेश के बाद क्या कदम उठाए हैं।

# चांदी 2,130 बढ़कर 2.19 लाख पर पहुंची, 10 ग्राम सोना 381 महंगा होकर 1.43 लाख का हुआ

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमत में आज यानी 4 अगस्त को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, एक किलो चांदी की कीमत 2,130 रुपए बढ़कर 2.19 लाख रुपए पर पहुंच गई



है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 381 रुपए बढ़कर 1.43 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 10 हजार रुपए महंगा हुआ है। 31 दिसंबर 2025 को 10द्द सोना 1.33 लाख रुपए के ऊपर था, जो अब 1.43 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी की कीमत में 12 हजार रुपए की गिरावट है। चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.18 लाख रुपए पर है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था।

# RBI ने FD के नए नियम जारी किए, स्मॉल-फाइनेंस-बैंकों को अब ब्याज दर की पूरी जानकारी पहले देनी होगी

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने देश के प्रमुख स्मॉल फाइनेंस बैंकों में फिक्स्ड डिपॉजिट कराने वाले निवेशकों के लिए नई गाइडलाइंस जारी की हैं। अब स्मॉल फाइनेंस बैंकों के ग्राहकों को ब्याज दर की पूरी जानकारी पहले मिलेगी। ये बदलाव रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया सेकेंड अमेंडमेंट डायरेक्टंस-2026 के तहत किए गए हैं। यह नए नियम और रेगुलेशंस 1 अक्टूबर 2026 से लागू हो गए हैं। आरबीआई के इस कदम का मकसद देशभर के स्मॉल फाइनेंस बैंकों में FD में निवेश करने वाले डिपॉजिटर्स के लिए सिस्टम में ज्यादा स्पष्टता, पारदर्शिता और निष्पक्षता लाना है।




नए फ्रेमवर्क के तहत अब स्मॉल फाइनेंस बैंकों को अपना डिपॉजिट इंटरेस्ट रेट शेड्यूल पहले से पब्लिश करना होगी। रेगुलर और बल्क डिपॉजिट पर दिया जाने वाला ब्याज बैंक की वेबसाइट पर दिखाई गई दरों के अनुसार ही होना चाहिए। इस कदम से ग्राहकों को अलग-अलग बैंकों की स्प्ष्ठ दरों की तुलना करने में आसानी होगी। बल्क डिपॉजिट के लिए स्मॉल फाइनेंस बैंकों को हर बिजनेस डे यानी कामकाजी दिन में सुबह 10:00 बजे अपनी वेबसाइट पर लागू ब्याज दरें जारी करनी होंगी। इसमें 10 मिनट का ग्रेस पीरियड दिया जाएगा, यानी बैंक सुबह 10:10 बजे तक अपनी दरें अपडेट कर सकेंगे। शेड्यूल कॉमर्शियल बैंकों और स्मॉल फाइनेंस बैंकों के लिए 3 करोड़ या उससे ज्यादा की सिंगल रुपए टर्म डिपॉजिट को बल्क डिपॉजिट माना जाता है।

# कॉमनवेल्थ से लौटे भारतीय खिलाड़ियों का स्वागत

**ग्लासगो।** स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय खिलाड़ियों का सोमवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया।

बॉक्सिंग, जूडो और पैरा स्पोर्ट्स के मेडल विजेताओं के स्वागत के लिए स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया, भारतीय ओलिंपिक संघ और संबंधित राष्ट्रीय खेल महासंघों के अधिकारी, कोच, परिवार के सदस्य और बड़ी संख्या में प्रशंसक मौजूद रहे। ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और तिरंगे के साथ खिलाड़ियों का अभिनंदन किया गया। खिलाड़ियों ने इस सफलता का श्रेय टीमवर्क और तैयारी को दिया तथा कहा कि अब उनका अगला लक्ष्य एशियन गेम्स में भी भारत के लिए अधिक से अधिक पदक जीतना है।

भारत का सबसे सफल खेल बॉक्सिंग रहा। 14 मुक्केबाजों के दल में से 10 खिलाड़ी मेडल जीतकर लौटे। इसमें 7 गोल्ड और 3 सिल्वर शामिल रहे। यानी 71 प्रतिशत मेडल कन्वर्जन रेट। बर्मिंघम 2022 में यह आंकड़ा 58 प्रतिशत था।



**अस्मिता बोलीं जूडो को नई पहचान मिलेगी, साक्षी ने कहा किसी सपने के सच होने जैसा**

महिला 51 किग्रा वेट कैटेगरी की गोल्ड मेडलिस्ट साक्षी चौधरी ने कहा, 'यह किसी सपने के सच होने जैसा है। आप सभी हमारा स्वागत करने आए, इससे बहुत अच्छा लग रहा है। बॉक्सिंग में भारत का यह अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन है। अब हमारा अगला लक्ष्य एशियन गेम्स हैं और हम उसकी तैयारी में जुटेंगे।' प्रिया ने कहा, 'यह मेरे करियर का अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन है। देश के लिए गोल्ड जीतकर बहुत खुशी हो रही है। अब मेरा पूरा फोकस एशियन गेम्स में भी भारत के लिए गोल्ड जीतने पर रहेगा।'

जैस्मिन लंबोरिया (बॉक्सिंग, गोल्ड) जैस्मिन ने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। मेरा परिवार और कोच यहां आए हैं। अब मेरा लक्ष्य आने वाली प्रतियोगिताओं में भी भारत के लिए और मेडल जीतना है।'

नरेंद्र बेरवाल (बॉक्सिंग, सिल्वर) हेवीवेट बॉक्सर नरेंद्र बेरवाल ने कहा, 'पूरी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। यह मेरा पहला कॉमनवेल्थ गेम्स था। मैंने पूरी तैयारी की थी, लेकिन गोल्ड नहीं जीत सका और सिल्वर से संतोष करना पड़ा। अब दो महीने बाद एशियन गेम्स हैं और वहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा।'

जूडो में भारत ने पहली बार कॉमनवेल्थ इतिहास में गोल्ड जीता। अस्मिता डे ने गोल्ड दिलाया। इसके कुछ मिनट बाद हर्ष सिंह ने दूसरा गोल्ड जीत लिया। यामिनी मौर्य ने सिल्वर और उन्नति शर्मा ने ब्रॉन्ज जीतकर कुल चार मेडल दिलाए। हालांकि 14 सदस्यीय भारतीय टीम के दो खिलाड़ी अरुण कुमार और तुलिका मान डोपिंग के कारण बाहर हो गए। अस्मिता डे ने कहा, 'भारत ने पहली बार जूडो में दो गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल जीता है। यह हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। उम्मीद है कि इससे देश में जूडो को नई पहचान मिलेगी और ज्यादा बच्चे इस खेल से जुड़ेंगे।'

सोमन राणा ने कहा, 'यह मेडल सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि पूरे देश, आर्मी और मेरे राज्य का है। मुझे खुशी है कि अब पैरा स्पोर्ट्स को पहले की तुलना में ज्यादा पहचान मिल रही है। अब मेरा लक्ष्य एशियन गेम्स और पैरालंपिक में भी अच्छा प्रदर्शन करना है।' मोहम्मद बासिल ने कहा, 'यह मेरी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता थी और सिल्वर मेडल जीतकर बेहद खुशी हो रही है। मौसम थोड़ा चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इससे काफी सीख मिली। अब अगली प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा।'

# फिलीपींस की ईला ने पहला WTA टाइटल जीता

## DC ओपन के फाइनल में एला ने जेसिका पेगुला को 4-6, 6-4, 6-0 से हराया

**फिलीपींस।** फिलीपींस की 21 साल की टेनिस खिलाड़ी एलेक्सांद्रा ईला ने डीसी ओपन का खिताब जीत लिया है। उन्होंने बारिश की वजह से दो दिन तक चले फाइनल में टॉप सीड अमेरिका की जेसिका पेगुला को 4-6, 6-4, 6-0 से हराकर करियर का पहला WTA सिंगल्स टाइटल जीता। इसके साथ ही वह WTA सिंगल्स खिताब जीतने वाली फिलीपींस की पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। वहीं मेन्स में अमेरिका के टेलर फ्रिटज ने स्पेन के राफेल जोडार को हराकर खिताब अपने नाम किया।



रविवार को बारिश के कारण फाइनल रोकना पड़ा था। तब जेसिका पेगुला पहला सेट 6-4 से जीत चुकी थीं, जबकि दूसरे सेट में ईला 2-1 से आगे थीं। सोमवार को खेल दोबारा शुरू होने पर ईला ने शानदार वापसी की। उन्होंने दूसरा सेट 6-4 से जीतकर मुकाबला बराबर किया। इसके बाद निर्णायक सेट में पेगुला को एक भी गेम जीतने का मौका नहीं दिया और 6-0 से सेट व मैच अपने नाम कर लिया। ईला ने लगातार आखिरी 8 गेम जीतकर खिताब पर कब्जा जमाया। जीत के बाद वह कोर्ट पर भावुक हो गईं। उनकी आंखों में आंसू थे और उन्होंने अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि का जश्न मनाया।



उन्होंने कहा कि 500 लेवल का टूर्नामेंट जीतना उनके लिए अविश्वसनीय और एक बड़ा मील का पत्थर है। एला ने बताया कि वह बहुत नर्वस थीं और सब कुछ अचानक हुआ।

मैच के दौरान स्टेडियम में फिलीपीन के झंडे दिखाई दिए और दर्शकों ने एला का जमकर समर्थन किया। पेगुला ने कहा कि उनके खिलाफ खेलना मजेदार नहीं था, लेकिन उन्हें वहां का माहौल बहुत अच्छा लगा। एला ने टूर्नामेंट के दौरान सभी तीन शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हराकर यह खिताब अपने नाम किया।

### पुरुष वर्ग में टेलर फ्रिट्ज बने चैंपियन

पुरुषों के फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने राफेल जोडर को 7-6 (2), 6-4 से हराया। फ्रिट्ज ने दूसरे सेट की शुरुआत में जोडर की सर्विस दो बार तोड़ी। उन्होंने अपने करियर का 11वां खिताब जीतने के बाद राहत की सांस ली। फ्रिट्ज ने कहा कि मैच खत्म होने पर उन्हें केवल राहत महसूस हुई।

### मैनी पैकियाओ ने दी बधाई

एला की इस जीत पर पूर्व बॉक्सिंग चैंपियन मैनी पैकियाओ ने सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने लिखा कि एला की वापसी ने फिलीपीन के लोगों का दिल दिखाया है और उन्हें हमारी नई चैंपियन बताया है। एला ने टूर्नामेंट में अपने डेब्यू के साथ ही पहली बार डब्ल्यूटीए

# नीरज चोपड़ा 21 अगस्त को लुसाने डायमंड लीग में उतरेंगे, कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर जीता था

## ओलिंपिक गोल्डिस्ट अरशद और श्रीलंका के पथिराजे से मुकाबला

**नई दिल्ली।** दो बार के ओलिंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा 21 अगस्त को स्विट्जरलैंड में होने वाली लुसाने डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे। कमर की चोट से वापसी कर रहे नीरज के लिए यह सीजन का तीसरा इवेंट होगा।

नीरज के सामने इस बार कॉमनवेल्थ गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट रुमेश पथिराजे, पाकिस्तान के ओलिंपिक चैंपियन अरशद नदीम होंगे। ग्लासगो में नीरज ने 85.83 मीटर का सीजन बेस्ट थ्रो फेंककर सिल्वर मेडल जीता था।

### चोट के बाद लौट रहे नीरज

नीरज पिछले साल सितंबर के बाद पहली बार जून में दोहा डायमंड लीग में उतरे थे। वहां उन्होंने 85.69 मीटर का थ्रो कर चौथा स्थान हासिल किया। इसके बाद कॉमनवेल्थ गेम्स में 85.83 मीटर का थ्रो फेंककर सिल्वर जीता। मेडल जीतने के बाद नीरज ने कहा था कि उनकी वापसी सही दिशा में जा रही है और आने वाली



प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन और बेहतर करने की कोशिश रहेगी।

### लुसाने में नीरज का बेस्ट थ्रो

लुसाने नीरज के पसंदीदा मैदानों में से एक रहा है। उन्होंने 2022 में यहां 89.08 मीटर के थ्रो के साथ डायमंड लीग का खिताब जीता था। वहीं 2024 में 89.49 मीटर का थ्रो फेंककर दूसरे स्थान पर रहे थे। ऐसे में भारतीय स्टार एक बार फिर इसी ट्रैक पर पदक की उम्मीद लेकर उतरेंगे।

# बेन स्टोक्स इंग्लैंड का कोच बनना चाहते हैं, बोले क्रिकेट से जुड़े रहना है, बिग बैश लीग के सबसे महंगे विदेशी प्लेयर बन सकते हैं

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने भविष्य में टीम का हेड कोच बनने की इच्छा जताई है। जून 2026 में क्रिकेट से संन्यास लेने वाले 35 साल के स्टोक्स ने कहा कि वह खेल से जुड़े रहना चाहते हैं। इसी बीच ऑस्ट्रेलियाई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि स्टोक्स बिग बैश लीग के इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी भी बन सकते हैं।



'लव ऑफ क्रिकेट' पॉडकास्ट में स्टोक्स ने बताया कि वह अभी लेवल-3 कोचिंग क्वालिफिकेशन पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि जब खेलना छोड़ूं तो कोचिंग की सारी तैयारियां पूरी हों। मैं क्रिकेट से जुड़ा रहना चाहता हूं। स्टोक्स ने 122 टेस्ट, 114 वनडे और 43 टी-20 मैचों में इंग्लैंड को रिप्रेजेंट किया। उनकी कप्तानी में इंग्लैंड ने अटैकिंग बैजबॉल क्रिकेट खेली।

### जो रूट की कप्तानी को लेकर चिंता

स्टोक्स ने नए टेस्ट कप्तान जो रूट को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि रूट हमेशा टीम को खुद से पहले रखते हैं और यही बात उन्हें परेशान करती है। स्टोक्स ने कहा, मैंने जो से कहा कि मेरी एकमात्र चिंता आप हैं। पिछली बार कप्तान रहते हुए मैंने देखा था कि वह खुद पर कितना दबाव लेते थे। मैं नहीं चाहता कि वह दोबारा उसी दौर से गुजरें।



# CWG 2026 में Silver जीतकर इतिहास रचने वाली ज्ञानेश्वरी यादव को मिला DSP पद और 30 Lakh Prize

**ग्लासगो।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ग्लास्गो में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल 2026 में महिलाओं की 53 किग्रा भारोत्तोलन स्पर्धा की रजत पदक विजेता ज्ञानेश्वरी यादव को 30 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि तथा डीएसपी पद पर आउट ऑफ टर्न पदोन्नति देने की घोषणा की। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतकर देश और छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाने वाली राजनांदगांव की ज्ञानेश्वरी यादव का आज मुख्यमंत्री निवास में स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री साय ने ज्ञानेश्वरी को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई देते हुए 30 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि तथा डीएसपी पद पर आउट ऑफ टर्न पदोन्नति देने की घोषणा की। अधिकारियों ने बताया कि ज्ञानेश्वरी वर्तमान में राजनांदगांव जिले में पुलिस विभाग में सहायक उप निरीक्षक पद पर पदस्थ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मान प्रदेश की प्रतिभा, परिश्रम और संकल्प का सम्मान है। साय ने कहा, ''ज्ञानेश्वरी यादव ने अपने पहले ही राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतकर यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, कठोर परिश्रम और अनुशासन के बल पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।''



खास खबर

**धौलपुर की बेटियों ने रचा इतिहास, रोमांचक फाइनल में उदयपुर को हराकर जीता राज्यस्तरीय खिताब**

# धौलपुर की बेटियां बेटों से कम नहीं - रेनू निखिल अग्रवाल



धौलपुर..प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित अतिथिगण



अजय भारत न्यूज

**धौलपुर ।** राजस्थान फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बालिका जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला तसीमों के फुटबॉल ग्राउंड पर धौलपुर और उदयपुर के मध्य खेला गया ।

इस अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए डॉक्टर रेनू निखिल अग्रवाल ने कहा कि धौलपुर की बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं है और उन्होंने हर क्षेत्र में बेटों से बेहतर साबित किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हमारे धौलपुर की बेटियां राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बनकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धौलपुर का नाम गौरांवित करेंगी। उन्होंने फुटबॉल के उत्थान के लिए खालसा क्लब और धौलपुर फुटबॉल एसोसिएशन का आभार व्यक्त किया।

एवीएम कॉन्वेंट विद्यालय की निर्देशक प्रिया त्यागी ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ प्रत्येक विद्यार्थी के लिए खेलकूद अति आवश्यक है प्रतियोगिता के दौरान दोनों ही टीमों ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया और रोमांचित कर देने वाला यह मैच धौलपुर टीम ने जीता लेकिन दोनों ही टीम में बधाई की पात्र हैं। पंचायत समिति सैंपऊ तहसीलदार प्रवीण कुमार गुप्ता ने कहा कि हमारे लिए यह गौरवशाली क्षण है हमारे तसीमों की बेटियों ने प्रदेश स्तर पर हमारी तहसील का नाम गौरांवित किया है । इस अवसर पर महेंद्र सिंह परमार, शा .शि .राकेश परमार ने भी अपना उद्बोधन दिया।

रोमांचित कर देने वाले मुकाबले में धौलपुर ने पेनल्टी शूट के बाद मिले सडन डेथ में 1-0 से उदयपुर को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष गुरमीत मान ने बताया कि बीकानेर को हराकर अजमेर ने प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में दोनों ही धौलपुर व उदयपुर टीमें निर्धारित समय में कोई गोल नहीं कर पाई। इसके बाद रैफरी द्वारा 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया। उस समय में भी दोनों टीम कोई गोल नहीं कर पाई । इसके बाद पेलेन्टी शूट में टीमों का स्कोर 2-2 रहा। और मैच सडन डेथ में चला गया। जहां धौलपुर की बेटियों ने 1-0 से खिताब अपने नाम किया।

धौलपुर की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासित खेल, बेहतरीन तालमेल और मजबूत रक्षा पंक्ति का प्रदर्शन करते हुए एक भी मैच में हार का सामना नहीं किया। फाइनल मुकाबले में भी खिलाड़ियों ने दबाव के बावजूद संयम बनाए रखा और निर्णायक क्षणों में शानदार प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर राजस्थान फुटबाल संघ के पर्यवेक्षक रफीक सिंधी, जिंक एकेडमी के सिलेक्टर्स तरुण राय, चंद्रकला राय, कोच असलम खान,

रेफरी गोपाल भूपेंद्र परमार गीतम परमार पुनीत संगीता पाराशर धर्मवीर सिंह मेडिकल टीम प्रभारी गौरव सिंह व राहुल त्यागी मुख्य रूप से उपस्थित थे। मंच का संचालन रंजीत दिवाकर एडवोकेट द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जिला फुटबाल संघ की ओर से सभी आगंतुक अतिथियों का राजस्थानी गमछा माला व स्मृति चिन्ह के माध्यम से सम्मान किया गया । अंत में जिला फुटबाल संघ के सचिव संदीप राना द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर बंटी परमार, कुलदीप परमार, सोनू परमार, शैलेंद्र शर्मा, अंगद तोमर ,राहुल सिंघल, राजेश शर्मा, मास्टर विद्याराम संस्था के प्रबंधक बबलू शर्मा, सोना ब्रिक्स प्रबंधक कलुआ और खालसा क्लब के सभी सदस्य मुख्य रूप से

# समाज के उत्थान के लिए कुरीतियों का त्याग आवश्यक- पीसी बौहरा



धौलपुर...ट्रस्टी सदस्यता का प्रमाण पत्र सौंपते कोषाध्यक्ष पं. किशनचंद शर्मा, पीसी बौहरा, दुर्गादत्त शास्त्री

अजय भारत न्यूज

**धौलपुर।** भगवान परशुराम चैरिटेबिल ट्रस्ट के अध्यक्ष पी.सी.बौहरा के निर्देश से ट्रस्ट के सम्माननीय समस्त ट्रस्टियों को आमंत्रण के साथ ट्रस्ट बोर्ड की मीटिंग ट्रस्ट कार्यालय भगवान परशुराम सेवा सदन मचकुंड रोड पर आयोजित हुई।

ट्रस्ट के अध्यक्ष पीसी बोहरा ने मीटिंग की अध्यक्षता की। मीटिंग का संचालन वरिष्ठ ट्रस्टी महेश शर्मा ने किया। मीटिंग का शुभारंभ भगवान परशुराम की आराधना व जयकारे के साथ हुआ। आगंतुक समस्त ट्रस्टियों के स्वागत उदबोधन के पश्चात ट्रस्टीगणों को आजीवन ट्रस्टी सदस्यता प्रमाणपत्र वितरित किए गए इस दौरान सभी ट्रस्टियों को नामवार बुलाया जाकर व उनके द्वारा प्रदत्त सहयोग राशि व योगदान के बारे में भी अवगत कराया गया व मंचासीन ट्रस्ट के अध्यक्ष पीसी बौहरा संरक्षक समिति के संयोजक डा. रामरज लाल शर्मा, दुर्गादत्त शास्त्री, कोषाध्यक्ष पं.किशन चंद शर्मा के द्वारा के द्वारा संयुक्त रूप से उपस्थित ट्रस्टियों को ट्रस्टी सदस्यता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। मीटिंग में कोषाध्यक्ष पं.किशन चंद शर्मा जी के निर्देश पर आय व्यय का व्यौरा प्रस्तुत किया गया।

अंत में अध्यक्ष पीसी बौहरा ने धन्यवाद उदबोधन करते हुए कहा कि सौहार्द भावना सबकी एकता और साझा प्रयासों से ही समाज का वास्तविक उत्थान संभव है समाज को आगे बढ़ाने के लिए पुरानी और हानिकारक कुरीतियों का त्याग करें तथा आधुनिक व सकारात्मक सोच को अपनाएं समाज ने हमें बहुत कुछ दिया है, अब हमारी बारी है कि हम सेवा भाव से जुड़कर इसके उत्थान में अपना योगदान दें।

आगामी दिनों में ट्रस्ट की चुनावी प्रक्रिया निष्पादित कराने के आशय से संबंधित पत्र संरक्षक समिति के संयोजक डॉ. रामरज लाल शर्मा को सोंपा। तत्पश्चात धन्यवाद के साथ ट्रस्ट बोर्ड की मीटिंग का समापन किया गया। ट्रस्टी प्रशांत हुंडावाल के सहयोग से शिवनगर निवासी नितेश पाठक को नवीन ट्रस्टी बनाया गया। इस अवसर पर सेवा सदन परिसर में

# बाड़ीः एसपी ने कोतवाली व सदर थाने का किया औचक निरीक्षण

## अपराध नियंत्रण, लंबित प्रकरणों का निस्तारण को लेकर दिए निर्देश



धौलपुर.थाने का निरीक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों से जानकारी लेते एसपी विकास सांगवान

अजय भारत न्यूज

**धौलपुर।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक परिणाममुखी एवं जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने मंगलवार देर शाम को थाना बाड़ी कोतवाली एवं थाना सदर बाड़ी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना परिसर की व्यवस्थाओं, रिकार्ड रुम, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, मैस एवं अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने दोनों थानों पर अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों की बैठक लेकर पुलिस मुख्यालय एवं जयपुर रेंज स्तर पर संचालित विशेष अभियानों की समीक्षा की तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक श्री विकास सांगवान ने अनुसंधान अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का अनुसंधान निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए, जिससे पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल सके तथा न्यायालय में प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित हो। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण, गंभीर अपराधों में तत्काल कार्रवाई एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। आगामी पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों के मद्देनज़र पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था संबंधी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के निर्देश दिए। उन्होंने हिस्ट्रीशीटरों, आदतन अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों पर निरंतर निगरानी रखने, उनकी धरपकड़ तेज करने तथा नियमित गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध हथियार, मादक पदार्थ, अवैध शराब, जुआ, सट्टा एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। साथ ही महिला एवं बाल अपराधों के मामलों में संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्रवाई तथा साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए जन-जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया। एसपी ने थाना परिसरों की स्वच्छता, रिकार्ड के सुव्यवस्थित संधारण, सरकारी संपत्ति के संरक्षण एवं पुलिस अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक पुलिसकर्मी आमजन के साथ संवेदनशील एवं जिम्मेदार व्यवहार अपनाए, जिससे पुलिस के प्रति जनता का विश्वास और अधिक मजबूत हो। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी श्रवण कुमार झोरड़, वृत्ताधिकारी बाड़ी महेंद्र कुमार, थानाधिकारी बाड़ी मौहर सिंह मीणा, थानाधिकारी सदर बाड़ी महेन्द्र समाधियां सहित पुलिस अधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# भाजपा किसान मोर्चा राजस्थान के प्रदेश प्रवक्ता बने जयवीर पोसवाल

### पूर्वी राजस्थान में संगठन को मिलेगी नई मजबूती



अजय भारत न्यूज

**धौलपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वरिष्ठ युवा नेता जयवीर पोसवाल को भाजपा किसान मोर्चा राजस्थान का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं, किसान प्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों में हर्ष का वातावरण है। पोसवाल लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं। वे भाजपा धौलपुर के पूर्व जिला उपाध्यक्ष, राजकीय पी.जी. महाविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत हिनौता सहित विभिन्न संगठनात्मक एवं सामाजिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। वर्तमान में भी वे संगठन और समाज के बीच निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जयवीर पोसवाल की संगठनात्मक कार्यशैली, जनसंपर्क और किसानों से जुड़े विषयों पर उनकी सक्रियता को देखते हुए यह नियुक्ति पूर्वी राजस्थान में भाजपा किसान मोर्चा को नई ऊर्जा प्रदान कर सकती है। गुरजर समाज के साथ-साथ सर्वसमाज में उनकी स्वीकार्यता उन्हें एक प्रभावशाली जननेता के रूप में स्थापित करती है। भाजपा कार्यकर्ताओं का विश्वास है कि प्रदेश प्रवक्ता के रूप में जयवीर पोसवाल पार्टी की नीतियों, किसान हितों एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।अपनी नियुक्ति पर जयवीर पोसवाल ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा किसान मोर्चा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा व्यक्त किए गए विश्वास पर पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

# शेरगढ़ किले पर हनुमानजी की हुई महाआरती मंदिर में गूंजे जय हनुमान जय श्रीराम के जयकारे



धौलपुर..शेरगढ़ हनुमान मंदिर पर महाआरती करते भक्तगण

अजय भारत न्यूज

**धौलपुर।** धौलपुर शहर के नजदीक चंबल के बीहड़ों में स्थित ऐतिहासिक शेरगढ़ किले के राजस्थान सरकार के प्राचीन राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार श्रेणी मुख्य हनुमान जी मंदिर पर मंगलवार शाम को 6 बजे महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने भक्तिभाव के साथ शंख झालरों से हनुमान जी की महाआरती की। साथ ही जय हनुमान जय श्रीराम के जयकारे भी लगाए। जिससे शेरगढ़ किले का माहौल भक्तिमय हो गया। महाआरती के मुख्य यजमान पीडब्ल्यूडी धौलपुर के जेईएन अर्जुन शर्मा रहे। मंदिर पुजारी दीपक अवस्थी ने बताया कि शेरगढ़ किले पर स्थित राजस्थान सरकार के राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार श्रेणी प्राचीन मुख्य हनुमान जी मंदिर पर मंगलवार को दोपहर 2 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया। जिसके पूरे होने पर शाम को 6 बजे शंख झालरों से महाआरती की गई। साथ ही भजन कीर्तन भी किए गए। इस दौरान भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया और घर परिवार में सुख शांति समृद्धि की कामना की।

महाआरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी पाई। इस दौरान दिनेश स्वामी एवं उनकी टीम ने संगीतमय सुंदरकांड किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तगण

## शिविर में 410 लोगों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच

**जयपुर।** समाजसेवी सायर मल पंचौली की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर शिवम् डायग्नोस्टिक एंड एक्स-रे सेंटर मुरलीपुरा की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 410 लोगों की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जांचें निःशुल्क की गईं। शिविर का उद्देश्य आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। विशेषज्ञों ने मरीजों को आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया। आयोजन के दौरान व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं।

# शहरी सेवा शिविर 2026 के फॉलोअप शिविर निरन्तर जारी

### 5 व 6 अगस्त को विभिन्न वार्डो के लगेंगे फॉलोअप शिविर

अजय भारत न्यूज

**धौलपुर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार शहरी नागरिकों की जनसमस्याओं के आवेदन प्रकरणों के निस्तारण के लिए शहरी सेवा शिविर 2026 के फॉलोअप शिविर 31 अगस्त 2026 तक (अवकाश के दिनों को छोड़कर) आयोजित किए जा रहे हैं। शहरी शिविरों में आवेदन प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने बताया कि 5 अगस्त को नगर परिषद धौलपुर के वार्ड नंबर 1 से 60 तक का नगर परिषद कार्यालय में, नगर पालिका बाड़ी के वार्ड नंबर 1 से 45 तक का नगरपालिका कार्यालय बाड़ी में, नगर पालिका सरमथुरा के वार्ड नंबर 1 से 25 तक का नगरपालिका कार्यालय परिसर सरमथुरा में, नगर पालिका मनियां के वार्ड नंबर 1 से 20 तक का नगरपालिका कार्यालय मनियां में, नगर पालिका सैंपऊ के वार्ड नंबर 1 से 20 तक का अम्बेडकर भवन सैपऊ में, नगर पालिका राजाखेड़ा के वार्ड नंबर 14 से 17 तक का नगरपालिका कार्यालय परिसर राजाखेड़ा में तथा नगर पालिका बसेड़ी के वार्ड नंबर 1 से 25 तक नगरपालिका कार्यालय बसेड़ी में शिविर आयोजित किए जाएगें। इसी प्रकार 6 अगस्त को नगर परिषद धौलपुर के वार्ड नंबर 1 से 60 तक का नगर परिषद कार्यालय में, नगर पालिका बाड़ी के वार्ड नंबर 1 से 45 तक का नगरपालिका कार्यालय बाड़ी में, नगर पालिका सरमथुरा के वार्ड नंबर 1 से 25 तक का नगरपालिका कार्यालय परिसर सरमथुरा में, नगर पालिका मनियां के वार्ड नंबर 1 से 20 तक का नगरपालिका कार्यालय मनियां में, नगर पालिका सैंपऊ के वार्ड नंबर 1 से 20 तक का अम्बेडकर भवन सैपऊ में, नगर पालिका राजाखेड़ा के वार्ड नंबर 18 से 20 तक का नगरपालिका कार्यालय परिसर राजाखेड़ा में तथा नगर पालिका बसेड़ी के वार्ड नंबर 1 से 25 तक नगरपालिका कार्यालय बसेड़ी में का

# विधिक जागरुकता शिविर में बच्चों को यौन अपराधों के प्रति किया जागरुक



धौलपुर...विधिक शिविर में बच्चों को जानकारी देती सचिव यादव

अजय भारत न्यूज

**धौलपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजस्थान राज्य में स्कूली छात्रों के लिए ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूसडे नामक एक विशेष अभियान का शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम के क्रम में सचिव रेखा यादव एवं सभी न्यायिक अधिकारीगणों द्वारा विभिन्न विद्यालयों में ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूसडे के अंतर्गत विषय शोषण के खिलाफ आवाज उठाएँ, अपने शरीर और मन की रक्षा करें गुड टच और बैड टच के बीच का फर्क समझें और सुरक्षित रहें के विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायिक अधिकारीगणों ने विद्यालय में बच्चों को यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 पॉक्सो एक्ट 2012 के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह अधिनियम 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है। इसके अंतर्गत यौन उत्पीड़न, यौन हमला, गंभीर यौन हमला, अश्लील प्रदर्शन, ऑनलाइन शोषण तथा बच्चों से संबंधित अश्लील सामग्री जैसे अपराध दंडनीय हैं। इसमें धारा 7 एवं 8 के अंतर्गत यदि किसी बच्चे के गुप्तांगों को यौन उद्देश्य से छुआ जाता है या उसके साथ अनुचित शारीरिक स्पर्श किया जाता है, तो यह दंडनीय अपराध है साथ ही धारा 9 एवं 10 के अंतर्गत यदि अपराध परिवार के सदस्य, शिक्षक, अभिभावक, संरक्षक अथवा विश्वास की स्थिति में रहने वाले व्यक्ति द्वारा किया जाता है, तो इसे अधिक गंभीर अपराध माना जाता है साथ ही धारा 11 एवं 12 के अनुसार गंदी बातें करना, अश्लील इशारे करना, अश्लील फोटो या वीडियो मांगना, मोबाइल अथवा सोशल मीडिया के माध्यम से यौन उत्पीड़न करना भी अपराध की श्रेणी में आता है। बच्चों के विरुद्ध अपराध, शारीरिक हिंसा, धमकी, पीछा करना, अश्लील कृत्य, मानव तस्करी तथा डिजिटल माध्यम से किए जाने वाले अपराधों के विरुद्ध कठोर दंड का प्रावधान किया गया है। बच्चों को गुड टच और बैड टच के बीच का अंतर समझाया एवं बच्चों को बताया कि यदि कोई व्यक्ति उन्हें असहज महसूस कराए, अनुचित तरीके से छुए, डराए-धमकाए या गलत बात छिपाने के लिए कहे, तो वे तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षक, अभिभावक, परामर्शदाता, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, पुलिस हेल्पलाइन नंबर 100, 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, नालसा टोल फ्री नंबर 15100 पर संपर्क करें साथ ही स्कूली बच्चों को कोर्ट वाली दीदी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आप कोर्ट वाली दीदी पेटिका में अपनी एप्लीकेशन भेज सकते हो जिसका निस्तारण जिला विधिक सेवा

### राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) ने रात्रि विश्राम के आदेश का किया कड़ा विरोध

**बाड़ी।** शिक्षा विभाग द्वारा 'राज शाला संबलन' एप में नया फीचर जोड़कर अधिकारियों के लिए हर महीने चार सरकारी स्कूलों में रात्रि विश्राम अनिवार्य किए जाने के आदेश दिया है। इस आदेश को राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम ) ने पूर्णतया अव्यावहारिक,शिक्षक विरोधी एवं तानाशाहीपूर्ण करार देते हुए इसका कड़ा विरोध किया है। संघ के धौलपुर जिलाध्यक्ष रामनिवास मीणा ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार के नाम पर लिया गया यह निर्णय जमीनी हकीकत से कोसों दूर है। आदेश के अनुसार शिक्षा अधिकारियों और सभी शिक्षकों को स्टाफ के साथ शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक विद्यालय में रुकना होगा,लेकिन प्रदेश के अधिकांश ग्रामीण एवं दुर्गम क्षेत्रों के विद्यालयों में रात्रि विश्राम के लिए न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं

# सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ समारोह के सफल संचालन के लिए कार्य करें : हरिराम मीना

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन



धौलपुर...समारोह की तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते एडीएम हरिराम मीना

अजय भारत न्यूज

**धौलपुर ।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देशन में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह परंपरागत एवं गरिमामयी तरीके से आयोजित किया जाए। आयोजन से जुड़े अधिकारी समय रहते सभी तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने समारोह स्थल पर बैठक, पेयजल, टेन्ट, साउंड सिस्टम, निमंत्रण पत्र, सुरक्षा, बैरिकेडिंग, परैड सहित सभी तैयारियों की पूर्व समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर वितरित की जाने वाली मिठाई का रसद विभाग द्वारा टेस्टिंग करवाकर ही वितरित किया जाए। उन्होंने स्वाधीनता दिवस के अवसर पर 14 और 15 अगस्त को सभी राजकीय भवनों व प्रमुख चौराहों पर रोशनी की व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिए। राष्ट्रीय पर्व तथा इसकी पूर्व संध्या पर शहर में सफाई व्यवस्था चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ समारोह के सफल संचालन के लिए कार्य करते हुए दिए गए दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक में सम्बन्धित विभागीय अधिकारी

# इंडिया कैंप के लिए नामित हॉकी खिलाड़ी मोहम्मद उबैद का किया स्वागत एवं सम्मान



अजय भारत न्यूज

**धौलपुर।** धौलपुर के होनहार हॉकी खिलाड़ी मोहम्मद उबैद के जूनियर नेशनल हॉकी चैंपियनशिप से लौटने पर उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। हॉकी सचिव रणवीर सिंह परमार ने बताया कि राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में मोहम्मद उबैद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार प्राप्त किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका नाम भारतीय जूनियर हॉकी टीम के इंडिया कैंप के लिए भेजा गया है। यह उपलब्धि धौलपुर एवं राजस्थान के लिए गर्व का विषय है।

समारोह में हॉकी धौलपुर के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बोहरा, कोषाध्यक्ष विजय दिवाकर, अनूप अस्थाना, अध्यक्ष, बेसबॉल सॉफ्टबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया, प्रिंस हुंडावाल (पूर्व अध्यक्ष, अधिवक्ता परिषद, धौलपुर), एडवोकेट मजीद खान, अजय बघेल, रंजीत दिवाकर, जाकिर खान, अकील अहमद, पार्षद नरेंद्र गोस्वामी, हॉकी गौरव शर्मा एडवोकेट,कोच रश्मि राव, डॉ अभिजीत अस्थाना,कोच योगेश थापा, रोहित बंसल सहित जिले के अनेक वर्तमान एवं पूर्व हॉकी खिलाड़ी, खेल प्रेमी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**खास खबर** | वर्ष 2025-26 में 23 लाख 74 से अधिक लाभार्थियों को मिला ऋण

# राजस्थान में 2 करोड़ 55 लाख से अधिक लाभार्थियों को लगभग 2 लाख 18 हजार करोड़ रुपये का प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण स्वीकृत



### साहूकारों से ऋण पर निर्भरता हुई समाप्त, जरूरतमंद को संस्थागत वित्त पोषण ने बनाया आत्मनिर्भर

**अजय भारत न्यूज**

**जयपुर।** राजस्थान में छोटी विनिर्माण इकाइयों-लघु उद्योगों से लेकर रेहड़ी-पटरी वालों के आर्थिक सशक्तीकरण के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में योजना के माध्यम से अब तक 2 करोड़ 55 लाख से अधिक लाभार्थियों को संस्थागत वित्त पोषण प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अन्तर्गत प्रदेश में 2 करोड़ 55 लाख 91 हजार 381 लाभार्थियों को 2 लाख 18 हजार 423 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया है। इसमें 1 करोड़ 54 लाख 15 हजार से अधिक महिलाओं को 67 हजार 982 करोड़ रुपये से अधिक का मुद्रा ऋण भी शामिल है। इस प्रकार लगभग 60 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ महिलाओं ने योजना में बढ़-चढ़कर भाग लिया और ऋण प्राप्त किया। वहीं, वित्तीय वर्ष 2025-26 में ही 23 लाख 74 से अधिक लाभार्थियों को 31 हजार 460 करोड़ रुपये का ऋण वितरित भी हो चुका है।

केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में अतारांकित प्रश्न के जवाब में बताया कि देश के असंगठित क्षेत्र को बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध करवाने में मुद्रा योजना ने उल्लेखनीय कार्य किया है। जून 2026 तक योजना के अन्तर्गत देशभर में 59 करोड़ 14 लाख से अधिक लोगों को 41 लाख 71 हजार करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया है। उल्लेखनीय है कि गैर-कार्पोरेट, लघु उद्यमों को 20 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाने के लिए वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की शुरूआत की गई थी। इस योजना में लाभार्थी वित्तपोषण की जरूरतों के अनुरूप शिशु, किशोर, तरुण और तरूण प्लस वर्गों के लिए ऋण आवेदन कर सकता है। करोड़ों लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराते हुए यह योजना विश्व के सबसे बड़े बिजनेस इको सिस्टम में से एक बन चुकी है। योजना से विनिर्माण इकाइयां, दुकानदार, फल-सब्जी विक्रेता, ट्रक-टैक्सी ऑपरेटर, खाद्य-सेवा इकाइयां, मशीन ऑपरेटर, छोटे उद्योग, कारीगर, खाद्य प्रसंस्करणकर्ता, रेहड़ी वालों को ऋण उपलब्ध करवाकर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है।

ऋण लेने वालों में अधिकांश अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग के लोग हैं, जो गैर-औपचारिक उधारदाताओं जैसे साहूकारों या दोस्तों और रिश्तेदारों से ऋण प्राप्त करते हैं। ऐसे में मुद्रा योजना संस्थागत वित्त की पहुंच सुनिश्चित करने उनकी आर्थिक उन्नति का

## राजस्थान : ब्यूरोक्रेसी के 'बॉस' लेंगे अफसरों के व्यवहार सुधार की क्लास, मुख्य सचिव खुद करेंगे अगुवाई

**अजय भारत न्यूज**



**जयपुर।** राजस्थान की नौकरशाही का रवैया सुधारने और शासन व्यवस्था में जनता को केंद्र में रखने के लिए प्रशासनिक स्तर पर बड़ा कदम उठाया गया है। प्रदेश के वरिष्ठतम आईएएस अधिकारियों (सचिव और उससे ऊपर स्तर के अफसरों) की कार्यशैली और व्यवहार को 'स्मार्ट' बनाने के लिए 10 अगस्त 2026 को जयपुर में एक विशेष वर्कशॉप की जाएगी। जानकारी के मुताबिक एचसीएम रीपा के कृष्ण पुरी भवन में दोपहर 2:00 बजे से आयोजित होने वाली इस 'बिहेवियरल कॉम्पिटेंसी वर्कशॉप' की कमान खुद राज्य के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास संभालेंगे। भारत सरकार के कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में अफसरों को 'कर्मयोगी कॉम्पिटेंसी मॉडल' से रूबरू कराया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सीनियर अफसरों में सरकारी योजनाओं और नीतियों का सीधा फायदा आम जनता तक सुगमता से पहुंचाना। दफ्तरी फाइलों से इतर जनता और सहकर्मियों के साथ संवेदनशीलता और बेहतर समन्वय के साथ काम करना और सार्वजनिक नीतियों को अधिक प्रभावी बनाकर फैसले लेने की रफ्तार बढ़ाना है।

HCM RIPA की महानिदेशक और अतिरिक्त मुख्य सचिव (प्रशिक्षण) श्रेया गुहा की ओर से जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार, राज्य सरकार के सभी अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख शासन सचिवों और शासन सचिवों को इस महत्वपूर्ण वर्कशॉप में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। क्या केवल वर्कशॉप से सरकारी दफ्तरों में बरसों से जमी सुस्ती और आम जनता के प्रति अफसरों का सख्त मिजाज बदलेगा? प्रशासनिक हलकों में इस वर्कशॉप को ब्यूरोक्रेसी का 'बिहेवियर ऑडिट' माना जा रहा है।

# हाईवे के दोनों तरफ 40 मीटर में अब निर्माण नहीं रेवेन्यू डिपार्टमेंट ने लैंड कन्वर्जन पर लगाई रोक

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नोटिफिकेशन जारी





**अजय भारत न्यूज**

**जयपुर।** राजस्थान में नेशनल हाईवे पर अब 40 मीटर तक के एरिया में किसी भी निर्माण की अनुमति नहीं मिलेगी। रेवेन्यू डिपार्टमेंट ने सभी कलेक्टर को आदेश जारी करके अगले आदेशों तक ऐसे मामलों में जमीनों के कन्वर्जन पर रोक लगा दी।

दरअसल कुछ महीने पहले फलोदी स्थित नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हुआ था। इसके बाद राजस्थान हाईकोर्ट ने फरवरी 2026 को प्रदेश के सभी नेशनल हाईवे से नियमों के तहत 75 मीटर तक (हाईवे के मिड पॉइंट से) दूरी में बने सभी होटल, ढाबों का संचालन बंद करने और अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए थे। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2026 में आदेश देते हुए 40 मीटर तक आवासीय और 75 मीटर तक कॉमर्शियल एक्टिविटी बंद करके नो-कंस्ट्रक्शन जोन बनाने के लिए कहा था।

इसी आदेशों की पालना में रेवेन्यू डिपार्टमेंट ने हाल ही एक नोटिफिकेशन जारी करके नेशनल हाईवे के मिड पॉइंट से 40 मीटर की दूरी तक आ रही सभी जमीनों के लैंड यूज कन्वर्जन करने पर रोक लगा दी है।

**75 मीटर तक कॉमर्शियल एक्टिविटी पर रोक**

रेवेन्यू डिपार्टमेंट ने 40 मीटर तक आवासीय और 75 मीटर तक कॉमर्शियल उपयोग के लिए जमीन के लैंड यूज पर रोक लगाई है। 40 मीटर के बाद केवल आवासीय निर्माण की अनुमति दी जा सकेगी। वहीं हाईवे के मिड पॉइंट से 75 मीटर तक कोई भी ढाबा, दुकान, रेस्स्टोरेंट, होटल, मोटल का संचालन नहीं होगा। न ही इस उपयोग के लिए मौजूदा कृषि भूमि का भू-उपयोग परिवर्तन किया जाएगा।

## लालसोट में बंद मकान में लगी आग, फर्नीचर सहित लाखों का घरेलू सामान जला

**अजय भारत न्यूज**

**लालसोट।** लालसोट के पपलाज माता रोड स्थित डिगो रोड क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक बंद मकान में आग लग गई। आग लगने से घर में रखा लाखों रुपए का घरेलू सामान जलकर राख हो गया, हांलाकि कोई जनहानि नहीं हुई।

सूचना मिलने पर करीब 5:25 बजे लालसोट थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। फायरमैन ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। मकान मालिक भागचंद लालसोट ने बताया कि उनका पूरा परिवार किसी काम से जयपुर गया हुआ था। मंगलवार सुबह घर लौटने पर उन्होंने मकान में आग लगी देखी। परिवार के सदस्यों ने तुरंत सिलेंडर सहित अन्य आवश्यक सामान सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि, घर में रखा बेड और अन्य घरेलू सामान आग की चपेट में आकर जल गया। प्रथम दृष्यया आग लगने का कारण घर में लगे एसी में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**अजय भारत न्यूज**

**बांदीकुई।** दौसा जिले के बसवा थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना पंचमुखी के पास हुई। हादसे में मृतक का शरीर क्षत-विक्षत हो गया, जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव के टुकड़ों को पोटली में बांधकर ई-रिक्शा से बांदीकुई के उपजिला अस्पताल पहुंचाया। शव को फिलहाल अस्पताल की मॉर्च्युरी रखवाया गया है।

## करौली से ब्रज के चार धाम के लिए पदयात्रा शुरू, बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल

### रास्ते में पुष्पवर्षा और जलपान कराकर किया स्वागत

**अजय भारत न्यूज**



**करौली।** करौली से ब्रज के चार धाम के लिए श्री गोवर्धन भक्त मंडल सेवा समिति द्वारा 21वीं विशाल पदयात्रा शुरू की गई। सावन माह में आयोजित इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यात्रा मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर पदयात्रियों का पुष्पवर्षा और जलपान कर स्वागत किया गया।

पदयात्रा का शुभारंभ होली खिड़कियां स्थित श्रीसीताराम मंदिर परिसर से हुआ। यहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना की गई। पंडित चौथमल ने भगवान गोवर्धन महाराज, ध्वज और दीपक की पूजा संपन्न कराई। इसके उपरांत अतिथियों ने रथ को हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। यात्रा से पूर्व भगवान गोवर्धन की सामूहिक आरती भी की गई।

श्रद्धालु गिरिराज जी महाराज की जय के जयघोष के साथ आगे बढ़े। यह यात्रा होली खिड़कियां से शुरू होकर भूडारा बाजार, सब्जी मंडी, सदर बाजार, अनाज मंडी, बूरा वाली गली, कोट, चौधरीवाड़ा, हिंडौन गेट, अस्पताल मार्ग, गुलाब बाग और मासलपुर चुंगी होते हुए ब्रज की ओर बढ़ी। यात्रा मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने पदयात्रियों का पुष्पवर्षा, जलपान और अन्य प्रकार से स्वागत-सत्कार किया। गोवर्धन भक्त मंडल सेवा समिति ने इस अवसर पर अतिथियों और भामाशाहों का सम्मान भी किया।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह पदयात्रा करौली से हिंडौन, महुआ, भुसावर और नगर होते हुए बरसाना के रास्ते गोवर्धन धाम पहुंचेगी। यात्रा का समापन 9 अगस्त को गोवर्धन स्थित श्रीराम सेवा सदन में प्रसाद वितरण के साथ होगा। इस पदयात्रा के माध्यम से धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया

## बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंः कुमावत



### पशुपालन विभाग एवं डेयरी की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन एवं उनकी प्रगति की समीक्षा बैठक जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में आयोजित

**अजय भारत न्यूज**

**जयपुर।** पशुपालन, डेयरी गोपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय के चिंतन कक्ष में पशुपालन विभाग एवं डेयरी की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन एवं उनकी प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में तीन वर्षों की बजट घोषणाओं की वर्तमान स्थिति, कार्यों की प्रगति तथा उनके समयबद्ध निष्पादन पर विस्तृत समीक्षा की गई। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार की बजट घोषणाओं का निर्धारित समय-सीमा में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाएं प्रदेश के पशुपालकों के हितों को ध्यान में रखकर की गई हैं, इसलिए इनके क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से प्रत्येक घोषणा की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न बजट घोषणाओं की प्रगति से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं, नवीन पशु चिकित्सालयों, पशु चिकित्सा उपकेंद्रों, मोबाइल वेटनरी यूनिट, पशुधन विकास, पशु बीमा, कृत्रिम गर्भाधान, पशु स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं अन्य योजनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। जोराराम कुमावत ने कहा कि राज्य सरकार पशुपालकों को उनके पशुओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, आधुनिक सुविधाएं एवं गुणवत्तापूर्ण पशुपालन अवसंरचना उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन कार्यों में किसी प्रकार की बाधा आ रही है, उनका शीघ्र समाधान कर कार्यों में अपेक्षित गति लाई जाए। उन्होंने सभी स्तर के चिकित्सा संस्थाओं के पट्टे जल्द से जल्द हासिल करने पर बल देते हुए कहा कि हर संस्थान के पास अपना भवन होना चाहिए जिससे पशुओं को बेहतर चिकित्सा मिल सके। जोराराम कुमावत ने भेड़ ऊन विभाग की जमीन को भी पशुपालन विभाग के अंतर्गत शामिल करने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

मंत्री जोराराम कुमावत ने डेयरी की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक दुग्ध सहकारी समितियां और दुग्ध संकलन केंद्र खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन उत्पादों की मांग अधिक है उनका गुणवत्तापूर्ण उत्पादन बढ़ाया जाए। उन्होंने बस्सी में स्थित सेक्स सॉर्टेड सीमन उत्पादन इकाई की क्षमता बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

जोराराम कुमावत ने कहा कि राज्य सरकार की बजट घोषणाएं केवल घोषणा मात्र नहीं हैं इससे प्रदेश के किसानों और पशुपालकों का सशक्तीकरण होता है और प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। इसलिए इन घोषणाओं का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी क्रियान्वयन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए फील्ड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग तथा बेहतर समन्वय के माध्यम से लक्ष्यों की शत प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करें जिससे राज्य सरकार की जनकल्याणकारी मंशा धरातल पर प्रभावी रूप से साकार हो सके और पशुओं तथा पशुपालकों को इसका समुचित लाभ मिल सके।

समीक्षा बैठक में संयुक्त शासन सचिव दिनेश कुमार जांगिड़, आरसीडीएफ की प्रबंध निदेशक श्रुति भारद्वाज, पशुपालन निदेशक डॉ सुरेश चंद मीना, विभाग के अतिरिक्त निदेशक तथा योजनाओं से संबंधित नोडल अधिकारी एवं

## स्काउट-गाइड, रोवर और रेंजर ने ली नशामुक्ति की शपथ, तंबाकू और नशे से दूर रहने का संकल्प



**अजय भारत न्यूज**

**करौली।** करौली में राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड की ओर से आयोजित राज्यपाल पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर में स्काउट-गाइड, रोवर और रेंजर ने नशामुक्त जीवन का संकल्प लिया। इस दौरान प्रतिभागियों को तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। उन्हें स्वस्थ और अनुशासित जीवन अपनाने का संदेश भी दिया गया। यह प्रशिक्षण शिविर जिला स्काउट गाइड भवन में 1 से 5 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें जिलेभर से 80 स्काउट-गाइड, रोवर और रेंजर हिस्सा ले रहे हैं। शिविर में राज्यपाल पुरस्कार के पाठ्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को पायनियरिंग के तहत विभिन्न प्रकार की गांठें, लाशिंग और रस्सियों के सुरक्षित उपयोग जैसे तकनीकी कौशल सिखाए गए। इसके अलावा उन्हें प्राथमिक उपचार, स्काउट-गाइड की प्रतिज्ञा, नियम, दिशा ज्ञान, चिन्ह, सलामी, हाथ मिलाने की परंपरा, ध्वज गीत, प्रार्थना, राष्ट्रगान और स्काउट आंदोलन के इतिहास की भी विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में नशा मुक्ति विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, मानसिक क्षमता और भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी स्काउट-गाइड, रोवर और रेंजर ने नशा न करने और तंबाकू का सेवन न करने की शपथ ली। इस अवसर पर प्रशिक्षण दल के सदस्यों और रोवर लीडरों ने युवाओं को अनुशासन, सेवा और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# निकाय-चुनाव से पहले अफसरों को पेंडिंग काम निपटाने के निर्देश, ग्रामीण विकास विभाग के शासन सचिव ने ली बैठक

**अजय भारत न्यूज**





**भरतपुर।** ग्रामीण विकास विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संभाग के जिला कलेक्टरों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) की बैठक लेकर ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निकाय चुनाव से पहले लंबित कार्य पूरे किए जाएं और नई योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृतियां जल्द जारी कर काम शुरू कराया जाए।

**तीन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की**

बैठक में ब्रज क्षेत्र विकास योजना, मेवात क्षेत्र विकास योजना और श्यामा प्रसाद मुखर्जी योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। शासन सचिव ने कहा कि पिछले वर्ष के लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। साथ ही इस वर्ष के बजट में घोषित कार्यों और जिलों से प्राप्त प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृति देकर धरातल पर काम शुरू कराया जाए।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे विकास कार्य किए जाएं, जिनका लाभ आमजन को सीधे और स्पष्ट रूप से मिले। हाल ही में लागू नई योजनाओं के तहत भी एक वर्ष के भीतर प्रभावी परिणाम दिखाई देने चाहिए। कृष्ण कुणाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत गरीब परिवारों के मकानों का निर्माण समय पर पूरा कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि आगामी निकाय चुनावों को देखते हुए विभाग का प्रयास है कि चुनाव से पहले अधिकतम विकास कार्य पूरे हों और लंबित स्वीकृतियां भी जारी कर दी जाएं।

## कलेक्टर ने बिजली एसई को कारण बताओ नोटिस जारी किया

### बैठक में अनुपस्थिति और जानकारी नहीं देने पर 3 दिन में मांगा जवाब

**करौली।** करौली में जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता रामहेत मीणा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस साप्ताहिक समीक्षा बैठक से अनुपस्थित रहने और विभागीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध नहीं कराने पर दिया गया है। उन्हें 3 दिन के अंदर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर की अध्यक्षता में 3 अगस्त को पानी, बिजली, मौसमी बीमारियों और विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए एक बैठक हुई थी। इस बैठक में एसई रामहेत मीणा बिना किसी पूर्व अनुमति या सक्षम कारण के अनुपस्थित रहे। उनकी ओर से अधिशाषी अभियंता बैठक में उपस्थित हुए, लेकिन वे बजट घोषणाओं और विभागीय फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध नहीं करा सके। इस कारण विद्युत विभाग से जुड़े कार्यों और योजनाओं की प्रभावी समीक्षा नहीं हो पाई। कलेक्टर ने इस लापरवाही को गंभीरता से लिया है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित अवधि में जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया या जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेस ने ब्लॉक प्रभारियों की सूची जारी की, करौली जिले में नगरीय निकाय, पंचायती राज चुनावों की तैयारियां तेज

**अजय भारत न्यूज**

**करौली।** आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर कांग्रेस ने करौली जिले में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं टोडाभीम विधायक घनश्याम मेहर ने जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न ब्लॉकों के लिए प्रभारी और सहप्रभारियों की नियुक्ति कर संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपी हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से सक्रिय होकर पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने का आह्वान किया है।

जारी सूची के अनुसार हिण्डौन विधानसभा के हिण्डौन शहर ब्लॉक का प्रभारी भंवरलाल मीना को बनाया गया है, जबकि सूरज सिंह गुर्जर, मुकेश चंद मीना और मुन्नीराम गुर्जर सहप्रभारी होंगे। हिण्डौन देहात ब्लॉक की जिम्मेदारी रामगिलास जाटव को प्रभारी के तौर पर दी गई है, उनके साथ सत्येन्द्र कुमार शर्मा, देवी सिंह मीना और श्रीमन बैरवा सहप्रभारी के रूप में कार्य करेंगे।

करौली विधानसभा क्षेत्र में, करौली शहर ब्लॉक का प्रभारी सूरजभान मीना को नियुक्त किया गया है। शकील अहमद खान, ढोली मीना और विक्रम जाटव सहप्रभारी बनाए गए हैं। करौली देहात ब्लॉक के लिए तारा सिंह बैंसला को प्रभारी और गजराज सिंह मीना और ऋषिकेश मीना को सहप्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

टोडाभीम विधानसभा के टोडाभीम ब्लॉक का प्रभारी देवीसहाय दत्तात्रेय होंगे, जिनके साथ विश्वम्भरदयाल शर्मा, विजय बाला शर्मा और मजीद मलिक सहप्रभारी के रूप में कार्य करेंगे। नादौती ब्लॉक का प्रभारी मनोज बैरवा को बनाया गया है, जबकि अनिल मीना, सत्येन्द्र जाट और करतार सैनी सहप्रभारी होंगे।

सपोटरा विधानसभा क्षेत्र में, सपोटरा ब्लॉक का प्रभारी रामचरण खुरसटपुरा को नियुक्त किया गया है। अबरार काजी, यदुराज मीना और पिंकी जाटव सहप्रभारी बनाए गए हैं। कैलादेवी ब्लॉक के लिए नरेश गुर्जर को प्रभारी और चैन सिंह मीना, ऋषिराज बैरवा और रामहंस मीना को सहप्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

जिला अध्यक्ष घनश्याम मेहर ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से मंडल, ग्राम पंचायत और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वे अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को कांग्रेस से जोड़ें और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। मेहर ने यह भी बताया कि आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के लिए एक अलग चुनाव प्रबंधन

## भाय कुभाय अनख आलसहू

**अजय भारत न्यूज**



एसके मंगल

इसके आध्यात्मिक विचारश जो भारतीय परंपरा विशेषकर रामचरितमानस, उपनिषद और भक्ति मार्ग से प्रेरित हैं। तुलसीदास जी ने कहा है कि भाव हो, कुभाव हो, क्रोध हो या आलस नाम जपने से मंगल होता है। गहरा अर्थ है कि नाम स्वयं में पूर्ण है। हमें मन को शुद्ध करने की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती। नाम ही मन को शुद्ध कर देता है। नाम जपने वाला व्यक्ति धीरे-धीरे नाम का रूप हो जाता है। अधिकांश दुख इसलिए होता है क्योंकि हम ÷जो होना चाहिए÷ पर अटके रहते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि कहती है जो इस क्षण में है, उसी को पूर्णता से स्वीकार कर लो। स्वीकार में ही शांति छिपी है। विरोध में ही संसार की सारी अशांति पैदा होती है। भगवान कभी दूर नहीं होते। वे सदैव उपस्थित हैं। जो चीज हमें उनसे अलग रखती है, वह हमारा 'मैं' है मेरा शरीर, मेरा मन, मेरी राय, मेरा अहंकार। जब 'मैं' थोड़ा भी झुकता है, तो ईश्वर का अनुभव अपने आप होने लगता है। कर्म करना हमारा अधिकार है, फल पर अधिकार नहीं। इससे भी गहरी बात यह है – कर्म को भी ईश्वर को अर्पित कर दो। तब कर्म बंधन नहीं बनाता, वह पूजा बन जाता है। सच्चा साधक जीते-जी मर जाता है। वह शरीर, नाम, पद, मान-अपमान से अपनी पहचान हटा लेता है। जब जीवित रहते हुए ही अहंकार मर जाता है, तब मृत्यु भय नहीं रहती। सबसे बड़ी साधना है – हर परिस्थिति में शांत और जागरूक बने रहना। जो व्यक्ति दुख में भी शांत रह सकता है, वही वास्तव में

स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अजय दीक्षित द्वारा सद्गुरू कृपा प्रकाशन, शांति विद्यापीठ केम्पस ग्वालियर रोड मुरैना से मुद्रित एवं कोर्ट रोड धौलपुर (राज.) से प्रकाशित। मो. 094251-26037 R.N.I. पंजीयन क्रमांक RAJHIN/2014/55926
स्थानीय संपादक चन्द्रमोहन त्रिवेदी मोबा. 9351631234, 8769954854, धौलपुर सिटी कार्यालय - साईं स्मार्ट सिटी, मचकुण्ड रोड धौलपुर email-ajaybharatmorena@gmail.com

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

Tele MANAS 14416



“ मानसिक स्वास्थ्य हमारे समग्र कल्याण का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। आइए हम सब मिलकर ऐसा वातावरण बनाएँ, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत आम और सहज हो सके। ”

श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

# टेली मानस

## भारत का राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की पहल

# क्या आप किसी मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे हैं?

कभी भी, कहीं से भी टेली मानस के माध्यम से सहायता पाएं।
24/7, 20+ भाषाओं में, पूरे भारत में उपलब्ध।

## इन चिंताओं के लिए हमें कॉल करें:

- ज़्यादातर समय उदास या घबराहट महसूस होना
- पढ़ाई, नौकरी या पैसों की चिंता होना
- नींद से जुड़ी समस्याएँ होना
- खुद को नुकसान पहुँचाने या आत्महत्या के विचार आना
- परिवार या रिश्तों में समस्याएँ होना
- शराब या अन्य नशे की समस्या होना
- मोबाइल का बहुत ज़्यादा इस्तेमाल करना
- मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी कोई अन्य समस्या होना

**टेली मानस ऐप डाउनलोड करें और स्व-देखभाल सामग्री तथा वेलनेस अभ्यास मॉड्यूल देखें।**




- 10 क्षेत्रीय भाषाओं + अंग्रेज़ी और हिंदी में उपलब्ध।
- दिव्यांग उपयोगकर्ताओं के लिए एक्सेसिबिलिटी फीचर्स।
- मिलिए ‘अस्मी’ से आपके सवालों, जानकारी और सहायता के लिए आपका चैटबॉट।

## टेली मानस को कॉल करें

24/7

# 14416

टोल-फ्री नंबर

**यहाँ स्कैन करें**

टेली मानस के बारे में और जानने व ऐप डाउनलोड करने के लिए!

cbc 17193/13/0002/2627